है । जैसे वस्तुबादी दर्शन से वस्तुबदी भाषा और वस्तुबादी संख्या, अध्यात्म दर्शन
आध्यात्मिक भाषा और आध्यात्मिक संख्या का जन्म हुआ है । इस विषय पर दविमत क
अवकाश नहीं है ।

आदिवासी मानव के अंदर जव मानवीय चेतना बढने लगी तव उसने शुन्य क
ख्वीकारा, शुन्य में शुन्य को ढुँढने लगा है । मानब के मानसिक चेतना स्तर को जिसने
सर्बप्रथम आक्रांत किया बह है बस्तु दुश्यमान जगत । क्षिति, आप, तेज, मरुत, और व्यो
इन्हीं पंच महाभुतों को क्रेन्द्र करते हुए वह अपने जीबन धारण व निबहन की शैली, वैषयि
ज्ञानार्जन, सामाजिक, राजनैतिक व्यबस्था, मनोरंजन मार्ग सृष्टि करने में सक्षम हुआ है
इसी के आधार पर उसने एक बस्तुनीष्ठ संस्कृति की श्रृष्टि की है जो कि परम सश्यता के
सगुणि ब्रहम व भोतिक जगत के तत्व के ऊपर पर्यवेसित है । उसी धारा को पार्थि
संस्कृति कहा जा सकता है ।

वैदिक परंपराओं मे 'शब्द'के ब्यतीत और कुछ नहीं है । इस अनुसंधान को सर्बश्रे
अनुसंधान की स्वीकृति देते हुए धोषित किया गया कि 'एक ब्रह्म द्बितीय नास्ती ।' एव

पूर्ण (महाशुन्य व निर्गुण ब्रह्मन) से पुर्ण भौतिक जगत सगुण ब्रह्मन है ।

पूर्ण से पूर्ण्णका जन्म ही पूर्ण है । (शुन्य से जन्म भौतिक जगत) निर्गुण ब्रह्मन से सगुण ब्रह्मन । इसीलिए पूर्ण (शून्य) से व निर्गुण ब्रह्मन से पूर्णत्व भौतिक जगत को छोड जो कुछ वचा वह भी पूर्ण है ।

श्लोक - जीव ब्रह्म एव न अपर:

अर्थ - ब्रह्म से जीवात्म भिन्न नहीं है ।

जीव जव जन्म लेता है तव रोता है, यदि न रोता तो जीवन न होने का संदेह होता हौ उसी प्रकार जीव के अंतिम समय शरीर से सर्वप्रथम ध्वनी क्षीण होती है , तथा जीने की संभावना क्षीण हो जाती है । अर्थात जीने मरने का माध्यम वही शब्द है । एबं शुन्य है ।

जितने युगों का चिंचन किया जाए, जैसे - बैदिक युग, संकरायुग, जैन युग, मध्य युग आधुनिक से अत्याधुनिक युग तक भारत में बहु भिन्नता होने पर भी एक बलिष्ठ शुन्य केन्द्रीक सांस्कृतिक चिंताधारा निखछिन्न प्रभावित होता आ रहा है ।

इस प्रकार भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में शुन्यता की प्रशस्ती स्चना भरपूर मात्रा में है ।

स्वर्ग, मर्त्य, पाताल तिनी भुवने से हरि,

मेध महाशुन्य से निराकार आबरि । (ओडिआ)

सहस्त्र शिर्शा पुरुष: सहस्त्राक्ष सहत्रपाद

सभूमि सर्बत : स्पृात्य तिष्ठ दशांगुलम् ।

अर्थ- पुरुष संहस्त्र शिर, नेत्र, पाँव युक्त है । उसने भूमि को सभी दिशाओं में स्पर्श कर उससे मात्र दश ऊँगल अधिकार किया है ।

शुन्य और पूर्ण को सहस्त्राधिक जीवों को सभी दिशाओं से स्पर्ष कर मात्र दश उँगल अतिक्रम किये हैं । अर्थात शुन्य और पूर्ण यह दोनो शब्द एक विशद तत्व है ।

पश्चिमांचल और कोशलांचल का एक आदिवासी दार्शनिक अलेख महीमा धर्म के उद्गाता संत भीम भोई शुन्य के वारे में लिखते है -

शुन्य शुन्य महाशुन्य अलेख पुरुष

ब्रह्म निरुपण गीत कर मोते दृश्य । (ओडिआ)

अर्थात महाशुन्य की महीमा लिखना असंभब है । इसलिए अलेख शब्द उच्चारण करते है और पुरुष की मान्यता देते हुए शुन्य ब्रह्ज्ञान पाने की भीक्षा करते हैं ।

अन्य एक ओडिआ कबि अच्युतानंद कहते है । -

अणाकार महाशुन्य शुन्य मध्ये निरामय,

निरामय मध्ये ज्योति तत् ज्योति भगबानय : । (ओडिआ)

यहाँ भी महाशुन्य का कोई आकार नहींहै, पर निरामय शांति है । पुनः निरामय
बिद्यवान हैं । और यह ज्योति ही भगवान है ।

सुन्य-संहीता के अनुसार -

भला पचारिलु गुपत सन्धि
शुन्य पुरुष शुन्य परे बन्दी ।
शुन्य पुरुष उदासरे रहे ।
शुन्य पुरुष सबु माया बहे ॥ (ओडिआ)

अर्थात - गुप्त विद्या (वात) यह है कि शुन्य पुरुष शुन्य में वन्दी है । वह शुन्य पुरुष अ
रहता है । परंतु वही शुन्य पुरुष संसार के सभी प्रकार माया को वहन करता है ।

भीम भोई पुनः कहते है -

महाशुन्य शुन्यदेही निर्गुण शरीर,
एकाक्षर न वसई बसे अणाक्षर ।
अणक्षर अणमात्रा क्षण निशबद,
शवदर भेद काहीं ब्रह्म निजपद ॥

महाशुन्य, शुन्यदेही, गुणहीन शरीर का किसी भी एक अक्षर की शुन्यता में स्थान
है, परंतु निशव्द का अर्थ 'शुन्यता का शव्द अनुभव' होता है ।

शुन्य की महीमा भी शुन्य है । इसलिए शुन्य महीमा ही धर्म है । महीमा को जा
के लिए शुन्य तक पहुँचने के लिये 'स्थितप्रज्ञ' सिडी के द्वारा जाना होगा । जगन्नाथ द
का ओडिआ भागवत में पुरुष के वारे में लिखा है - 'स्वभावे रुप नाहीं जार, महा महे
निर्बिकार'

अर्थ : - स्वभाव में जिसका कोई रुप नहीं है, उसको भला कौन प्रत्यक्ष देख सकता है

पुन : जगन्नाथ जी कहते है : -

शुणिबा अर्थे नाना शुन्य
निर्मले प्रकाशिला कर्ण ।

शुन्यता को कई प्रकार से सुनने के लिये निर्मल कर्ण ही प्रकाश का माध्यम है ।
इस विषय में कइँ वाते सुनने को मिलता पर निर्मल कर्ण ही इसकी सत्यता प्रतिपादित क
सकता है ।

आभिमत - प्रायत : यह शुन्य को भेद करने व गमन करने के लिये मानव जाति असम
है । ज्ञान - विज्ञान को पाथेय कर आदि युग से मानव, शुन्यता का भेद जानने का प्रया

करता आ रहा है, परंतु उसे विशेष सफलता नहीं मिली। कारण शुन्य तो शुन्य ही है, शुन्य को अनुभव करने के लिये शुन्य से उत्पन्न शव्द ही आधार है। इसे मानव जाति का आदि पुरुष अनुभव करचुके है।

शव्द -ओडिआ भागवत -

शबद स्पर्श रूप तार, प्रचण्ड तेज महा घोर।
शबद मय ब्रह्म पथ, जे मार्गे जीब आत जात॥

अर्थ : - शव्द के स्पर्श से ही उसके रूप के, प्रचण्ड तेज आलोक तथा महाघोर (प्रचण्ड) होने का आभास होता है।

यह शव्दमय ब्रह्म पथ है, जिस पथ पर जीव का आना जाना होता है।

ठाकुर अनुकुलचन्द्र के समाधिस्थ अवस्था में, उनके श्रीमुख से जो बाणी निकली, उससे लोगोने 'पुण्य पोथी' के नाम से एक संगृहित ग्रन्थ तैयार किया। पहले दिन उन्हेने कहा - Sound is The Expression of life with out Sound every Thing is life less (63)

दुसरे दिन उन्होने कहा -I was The Sound, Sound is my Creation: There fore your are created by me. only Sound is your Spirit.

If you get Sound every wehere -(19) P.P

चौथे दिन कहा - Sound of your call most reach me. beause i am Sound.

जगन्नाथ दास कृत ओडिआ

शव्द पुणि मात्रासंके ।
केबा प्रकाशे अन्तरिक्षे॥

शव्द को मात्रा में रुपान्तरित करना, अन्तरिक्ष को प्रकाशित करना किसी के वस की वात नहीं है। व्यास मुनि ने महाभारत में कहा है।

ब्यास मुन महाभारत मे कहते है :-

तत्व ब्रह्मणि देदितव्यम् शवद ब्रह्म परंचयत
शव्द ब्रह्मणि निस्पात : परम ब्रह्माधि गच्छति॥

इसी तरह शुन्य से शव्द और शव्द ही शुन्य है। शुन्य और शव्द की प्रसस्ति विश्वभर में विख्यात है।

श्रृष्टि तत्व में शुन्य

शृष्टि शुन्य शव्द ही कौतुहल पुर्ण है। मानव के मानसिक स्तर में गहरा प्रभाव पडा है। कई प्रश्नों का समाधान, मन्थन, अनुसन्धान वारम्वार किया गया है। लोकिन कुछ

क्षण के लिए मानसिकं स्तर में किचित आलोक का संधान पाकर आनंदित हुए हैं। पर समय समय पर शुन्य की तर्जमा ही शुन्य में परिणत हुआ है।

शृष्टि पर से जितने भैतिक विषय जैसे - साहित्य, इतिहास, गणित, विज्ञान आदि सभी के अन्दर शुन्य विद्यमान है। मानस पटल में एक चक्रव्युह की तरह धुमता रहता है। यह क्रिया अनन्त काल से चला आ रहा है। कभी 'विन्दु' कभी शव्द तो कभी शुन्य के नाम से यह पूजित है। तो कव शुन्य के नाम से महाशुन्य। मानव जाति कभी भी हार स्वीकार करने वाला प्राणी नही है। शुन्य से आरम्भ कर शुन्य तक दौडने का प्रयास अनन्त काल से जारि है। अनुसन्धान से लेकर निर्यास तक चेष्टा करते रहने का दृष्ठ न्तिका अभाव नहीं है।

पृथ्वी शुन्य, ध्वनि शुन्य, ब्रह्म शुन्य, जीव ईश्वर की सत्ता भी शुन्य है। पंच भूत की मान्यता भी शुन्य माना गया है। अतः शुन्य ही एक, एक अनेक भी शुन्य है। अत : नाद तत्व को समझने से पहेले शुन्य की उत्पत्ति, व्यवहारिक गुण, करण आदि का शोध आवश्यक है

'०' शुन्य को अक्षर की दृष्टि से ट सा ठ समझा जाता है, इसी 'ठ' को पाने के लिए जिस तरह कठोर साधना आवश्यक उसी तरह वह क्रिया शुन्य का अनुध्यान पठन है।

शुन्य का इतिहास भारतीय दर्शन और संस्कृति का इतिहास तो है ही। शंख्या की हष्टि से देखाजाए तो शुन्य का गुरुत्व अधिक है। शुन्य को छोडकर कोई भी गणना शास्त्र आगे नही वढ सकता।

वस्तुमय संसार होने के कारण उसके आकलन के लिये संख्या की आवश्यकता अनिवार्य है, पंरन्तु वस्तु के न होने पर आकलन करने की जरुरत ही नही होती। यदि हम अन्य किसी दुनियाँ की कल्पना करें तो वह वस्तु नहीं केवल शुन्यता ही पर्जाप्त मात्रा में है। अतः असी मित्र दुनियों से शुन्य का आबिर्भाव। वह किसी प्रकार वस्तुवादी चिंता की संख्या नहीं है।

शुन्यता, का तात्विक बिशेषण वस्तुबादी अनुभब जैसा एक साधारण अनुभब नहीं है।

शुन्यता का जन्म होने के कारण इसी को आध्यात्मिक व नै सर्गिक संख्या कहा गया है।

आभिमत :

शुन्य और शव्द यही संसार का सारतत्व होने के कारण को समझने, समझाने के लिए ही वेद, वेदान्त, उपनिषद, आव्याकरण, अष्टादश पुराण लिखने की आवश्यकता हुई। कभी आकार तो कभी निराकार रुप को भगवान, श्रष्टा, कर्त्ता, सर्व शक्तिमान, इच्छामय,

मानागया। पूजन किया गया, सम्मान दिया गया। यह गुढ तत्व केवल समाज ही नही, अपितु जीव और उस जगत की रक्षा के लिए अत्यावश्यक है। पारायण, सतसंग आदि का आयोजन चलता आ रहा हैं। सर्वोपरि इस गुँढ तत्व के चितंन को सत्-चित्-आनन्द कहा गया है। यह शुन्य और शव्द संसार की सृष्टि का मुल कारंण है।

शृष्टि तत्व :

औडिआ भागबत में श्री जगन्नाथ दास ने लिखा अबनी उदक अनल, पवन आकाश मण्डल। जे पंचभुतो कलेबेर बिष्णुर भोजन मंदिर॥

केवल औडिआ कवि जगन्नाथ रचित भगबत में कहा गया है, ऐसा नहीं है। भारत का दर्शन ही - शुन्य से शब्द और शव्द से पंचभूत को प्रमाणित करता है।

शव्द से जन्मे पंचभुत में शव्द का होना अनिवार्य है। इसे जानने के लिए आबर्तन-बिवर्तन चक्रमें घुमर्त हुए आदि से आज तक शोध कार्य होता रहा। आदि मानव से आदिवसी, अधिवासी, छत्तीसपाटक (विभिन्न मनुष्य जाति) अपने पुर्वज तथा पंचभुत को देवता मानते हुए अपना जीवन निर्वाह किये। दुसरी ओर आर्यो ने जो पिण्ड मेंनहीं तथा ब्रह्माण्ड में भी नहीं है - यह सिद्धांत लेते हुए पिण्ड शब्द को 'आनाहत' ब्रह्माण्ड अर्थात पंचभुत को आदत शव्द स्वीकार करते आये। इसी शब्द को (नादब्रह्म) नादब्रह्म के नाम से पूजने लगे।

नाट्य मनोरमा :

श्लोक - आकाशादिन मरुज्जातो नाभेरुर्ध्व समुच्चरन।

मुखे भिब्यक्ति मायाति यः स नाद प्रकीर्पितः॥ (श्लो. सं ९७)

अर्थः आकाश, अग्नी और पवन से जात होकर नाभि से ऊपर उठकर जो भूख से अभिब्यक्तृ होता है उसे नाद कहते है।

श्लोक : पबना चलना मानौ नादौ तु परिकीर्तितः।

जातस्तयोर्यतो योगत्वे नादइति स्मृत :

अर्थ : पवन से 'न' अक्षर,अग्नि से 'द' अक्षर मिलकर 'नद' हुआ, जो नाद को नाम से परिचित है।

उपसंहार : - पिण्ड, ब्रह्माण्ड - दोनो में हर्ता, कर्त्ता, विधाता ही नाद है। यह नाद पंचभुत से जन्म हुआ और उसे पहचानने में आसान हुआ। पंचभुत जन्म न लेता तो शुन्य से शव्द और शव्द से पुन : शुन्य ही रह जाता।

यह नाद जड और जीव दोनों में सम्भव है।

यह नाद पिण्ड की दृष्टि से उर्ध्वभुखी होकर क्रमश :

पाच प्रकार हो जाते है :- १. सुक्ष्म, २. अतिसुक्ष्म, ३.व्यक्त, ४.अव्यक्त और, ५.कूत्रिम। इतने सारे प्रामाणिक तथ्य उद्धार करने कारण केवल मात्र भारत वर्ष का अतीत, वर्त्तमान और भविष्य के वारे में ध्यान आकर्षण करना है।

भारतवर्ष के औडिशा राज्य, अतीत में वह कोशल, कलिंग, उत्कल आदि के नाम से जाना जाता था। इतिहास की दृष्टि से ओडिशा में पश्चिम ओडिशा या दक्षीण कोशल स्थान सर्वोपरि है।

विबर्तन वाद :

ओडिशा के गिने-चूने बिद्यानों के द्वारा लिखित इतिहास से कुच उधृत करना उचित होगा। क्यों कि पश्चिम ओडिशा या कोशलांचल का संगीत के साथ मुलत : शंश्लिष्ट है।

ओडिशा संगीत नाटक एकाडेमी द्वारा सर्वेच सम्मान भंज पुरस्कार से अलंकृत ड. दामोदर होता द्धाररचित भारतीय संगीत इतिहास से कुछ उद्धार किया जा रहा है।

संगीत समंधीय कुछ भी जानने का आग्रह करने से पहले शेध कर्त्ता, संगीतकारव विद्यार्थि यों का भारतीय संगीत इतिहास का ज्ञान होना अति आवश्यक है। संगीत जगत में प्रवेश के लिए मानव जीवन में संगीत का वलिष्ठ योगदान, विकाश और संगीत से अधीक किस प्रकार हुआ उसका समृद्ध ज्ञान, मानब सभ्यता तथा संस्कृति का इतिहास एक मृख्य अंग है। इसका ज्ञान पाने से पहले मानब सृष्टि का इतिहास जानना होगा।

महान बौज्ञानिक चार्लस राबर्ट डारवीन द्वारा प्रवर्तित विबर्तनवाद के वारे में हमारा सम्यक ज्ञान जरुरी है।

सत्यता और संस्कृति परिवर्तन शील है। अधिक शमय तक कुछ भी अपरिवतित नहीं रह सकता। ज्ञानकी अभि वृद्धि तथालोकरुचि परिवर्तन के साथ समता रखते हुए परिवर्तित होना है। ज्ञान की अभिबृद्धि से रुचि मर्जित होना है, उसी परिमाण में लोकसंस्कृति परिवर्तित हेता है। उस दृष्टि से सभ्यता और संस्कृति परिवर्तन में ज्ञान और विज्ञान की भुमिका अत्यन्त गुरुत्व पुर्ण है। क्यें कि जितने ज्ञान-विज्ञान क्षेत्र में परिमाण में उत्कर्ष साधित होते है। उस परिमाण में सभ्यता और संस्कृति प्रमाणित होकर समयानुक्रम में परिवर्त्तित होना है।

सभ्यता और संस्कृति को अगर हम भलि भाँति देखना चाहेंगे तो शव्द, वीशं शदी की सभ्यता और संस्कृति की पीछे देखेंगे अत्यन्त प्रखर तुआ है। उसकी तुलना में अष्टादश उनवींश सदी की गति मंथर रही। तदरुप हम जितना जितना पीछे देखेंगे गति अति मंथर ही है, इस आधार से पुराने काल की सभ्यता और संस्कृति को अनुध्यान करने पर पता

चलता है कि यह सभ्यत और संस्कृति का समय सीमा अत्यथिक से अधिक बृहत्तर है। गति भी तदरुप मंथर है।

इतिहासकारों – के अनुसार मानव सभ्यता और संस्कृति की समय सीमा २ भगों में वँटा है – प्राग् ऐतिहासिक युग, ऐतिहासिक युग। प्राग ऐतिहासिक युग ई. पु. ७००००० से ७००० तक व्यप्त था और ऐतिहासिक युग ७००० से आजतक। इस से यह प्रमाणित होता है कि प्रग ऐतिहासिक युग की सीमा ४२० हजार वर्ष वितजाने के वाद ऐतिहासिक युग केवल सात हजार वर्ष अतिक्रम नही कर पाया है , ऐतिहासिक युग में जिस तरह सन्यता और संस्कृति का परिवर्तन तथा विकास हुआ है , उसी प्रकार प्राग् ऐतिहासिक युग की सभ्यता और संस्कृति के क्षेत्र मैं संभव नहीं था। अपितु प्रग् ऐतिहासिक युग की सभ्यता – संस्कृति कल्पनातीत मन्थर था।

कहने का ताप्तर्य यह हे कि प्राग् – ऐतिहासिक युग का मानब और उसकी संस्कृति एक निद्दिष्ट धारा में लिपिवद्ध कैसे रह सकता है ?
पर अंचल को लेकर सन्तक के रुप में कहीं पत्थर तो कहीं एकलकडी को चिन्हित कर। उसे देवता मानकर एक निर्द्दिष्टि शौली में उस समय अपनी अपनी संस्कृति को संभाल कर रखते थे।

आर्य सभ्यता की नीव सिन्धु सभ्यता से सुरु हुई, ऐसा ऐतिहासिक मानते है। सिन्धु सभ्यता को यदि शिष्ट सभ्यता माना जाता तो उससे पहले।

भारतत नही था और मानव भी नहीं थे। यदि थे, भी तो संस्कृति हीन थे ! यह उत्तर सही नहीं लगता। मानव यदि थे, भारत था परंतु अपनी गोष्टी की संगति के लिये एक एक नियम के अनुसार चलते थे।

समग्र भारत को ,एकत्र वांध कर रखना संभब नहीं था। कारण आदि मानव और संस्कार की वाद की जाए तो दोनो का इतिहास को झाँकना होगा।

आर्यें के भारत आगमन से पहले भारत था, कुछ विद्वानों का कहना है कि आर्य वाहर से नहीं आये वे पुर्णत: मारतीय है। केबल संस्कारी होने के कारण उन्हें आर्य कहागया, यह विबादित बिषय है। इतिहास में कहा गया है कि भारत के मुल निवासी आदिवासी है। उनके बाद द्राविडों का आगमन हुआ। तत् पश्चात आर्यें का आगमन हुआ है।

भारत का संस्कार सिन्धु सभ्यता से मानागया है। उस समय आदिवासियों की सभ्यता वहुत उन्नत थी, क्यों कि पर्वत, गुँफा, नदी किनारे दो पेडों के वीच या तीनो को जोडकर रहने में सुधार आ चुका था। दोताला घर वनाकर उसमें भविष्य के लिए अनाज

रखना, वडे वडे घर, गृहपालित पशुओं के रहने के लिए अलग मकान आदि में अग्रती हो चुकी थी।

मानबीय गुणों के विकाश के साथ साथ मनोरंजन का बिकाश, तदनुसार हुआ था। आदि मानव यहाँ-वहाँ भटकता रहता था। जहाँ भोजन की व्यबस्था हो जाती, वहीं वह घर -परिवार के साथ, आनन्द का उपभोग करता था।

संगीत का विकाश प्रस्तर युग से शुरु होकर सिन्धु सभ्यता तक पहुँचा। तव भारत के आदिवासी (अधिवासी) द्राबिड और आर्यों का एक साथ रहना संभव हो गया था।

विश्व का एक लुभावना देश - भारत है। अत: वाहरी देशों का आक्रमण होता रहा, जिसका शिकार निवासियों हुए। वानराकृत मनुष्य से आदि मानव तक जैसे तैसे भारतीय मूल निवासी अपना गुजारा कर लेते थे। जव लिंग भेद से परिचित हुए, तब एक से द्वेत परिवार, गोष्ठि होने लगा। तब गोष्ठि गोष्ठि के वीच युद्ध होता रहा उन दोनों गोष्ठियों के बीच में 'गण्डा' जात गुप्तचर वृत्ति तथा स्वकीय गोष्ठि की संपति का देखभाल करते एबं विरोधी गोष्ठि की संपति चोरी करलेते थे। विश्वसनीय होने के कारण द्राविडों के आगमन के समय में यह गण्डा जात आदिवासी और द्राविड के वीच मध्यस्तता करते रहे। अंत में द्राविडों और आदिवासियों की जीवन शैली में मेल-मिलाप होने से एक साथ रहने लगे। परन्तु वीच-वीच में यह युद्धखोर आदिवासी और द्राविड के वीच युद्ध होता रहा। तत् पश्चात पंजाव की तरफ से आयों का आगमन हुआ : द्राविड और आदिवासी परस्पर विरोधी भाव का लाभ उठाते हुए इन दोनो गोष्ठियों में विवाद सृष्टि कर खुद युद्ध करते रहे। आर्यों के भारत आगमन के समय उनके पास कृछ सांकेतिक लिपि करने के व्यतीत और कुछ अधिक ज्ञान न था। आदिवासी, द्राविडों की कला-सस्कृति, सामाजिक चलन के साथ-साथ आध्यात्म परंपरा को स्बीकार करके अपनी उसने चालाकी से एक नई धारा की प्रतिष्ठा कर लिया। आर्च वार वार आदिबासी-द्राविडों के साथ झगडते रहे। तव द्राबिड लोग भारत के दक्षिण में चले गये और आदिबासी बन-पर्वतों में रहने लगे। इनकी निष्ठा, कला संस्कृति, परंपरा के प्रति अधिक थी।

प्रस्तर युग के आदिमानव से लेकर अत्याधुनिक काल तक आदिवासी और उनके साथ चलते आ रहे गण्डा जात के ऊपर कितने सारे लाँछन लगाए हैं। आदिवासियों के ब्यक्तिगत समाजिक प्रथा को अन्धविस्वास कहा गया,और गण्डा जात को पतीत, अस्पुस्य कर दिया गया। पर अपनी संस्कृति सें उनका इतना लगाव था, कि वे हर प्रकार की लांछना सहने के लिये तैयार थे और अपनी संस्कृति को बडे सम्मान के साथ निर्बाह करते आ रहे है।

वे शुन्य, शव्द, पंचमहाभूत, प्राण, शरीर और ज्ञान को इस प्रकार जानते थे कि उह्नोने अपने समाजिक प्रचलन से एक सास्कृतिक परंपरा की गोष्टि कर ली। यही आदि परंपरा का विशेषत्व का प्रतिपादन इतिहास पुराण भी करते हैं।

आदि मानव के पास रहने का घर तो घर खाने के लिए भी कोई साधन न था। भुख शांत करने के लिए वह पशु पक्षी के कच्चे माँस पर निर्भर करता था। प्रकृति कृत पर्बत खोद था पेड के ऊपर निवास करना और सुविधानुरुप भोजन प्राप्त करना उसके प्रचंड संधर्षमण जीवन का आभास कराते हैं। क्रमविकास की धारा में लिंग परिचय होने के उपरांत हेतु से परिवार, गोष्ठी वनने लगी। गोष्ठीगत शिकार में सपन्नता से आनंदित होकर अपनी छाती, जानु एबं दोनों हथेलियों से ताली पीट पीट कर अपने गौरव गाथा गाने लगा। अग्नी उन्हें कच्चें से जले हुए माँस तक ले गया। और शिकार से अतारे गये चमढों को गडढों के ऊपर ढँक्कर हाथ था लकडी से उसे पीटकर बजाया गया। अत: चमडे के मध्य और अंत भाग में भिन्न भिन्न शव्दों को नीश्चित कर स्थुल –सुक्ष्म शव्दों को निखारने लगे। मानव आदि प्रस्तर युग से अंतिम प्रस्तर युग तक प्रकृति जात शव्द एबं संकृत शब्द की तुलना करके संस्कार की ओर बढने लगा।

'ओडिशा के प्राग् ऐतिहासिक युग की सभ्यता और संगीत 'इस विषय पर ड. दामोदर होता लिखते है 'प्राग ऐतिहासिक युग में खाद्य, पेय और आश्रयस्थल मानब की सर्व निम्न आवश्चकता थी। वे गुफाओं और पेडों के खोखले भाग में रहते थे। यह प्रश्न तत्वबित – गवेषकों के द्वारा ओडिशा के विभिन्न अंचल का खनन व सर्बेक्षण द्वारा जो कुछ प्राप्त हुआ उसको ध्यान में रखकर तत्वविरों ने एक स्वीकार में किया है कि प्राग ऐतिहासिक युग में औडिशा में मध्य और नुतन प्रस्तर युगीय मानव सभ्यता का अभ्युदय हुआ था (भारतीय संगीत इतिहास, पृ ११५)

ओडिशा के मयुश्भंज, ढेंकानाल, सुन्दरगड, कोरापुट, कालाहान्डी, बलांगीर, केन्दुझर आदि जिलों के कुछ निर्द्दिष्ट अंचल में प्रस्तर युग के कुछ उपादान मिले हें। अत: संपृक्त अंचल की सश्यता प्रस्तर युग की सभ्यता का समसामयिक है, एक अंश है।

पुरातन प्रस्तर युग में संगीत :

पश्चिम औडिशा या कोशलांचल की भाषा का मुल क्या था ,यह तो कहना संभव नहीं है। क्योंकि आदिवासी द्राविड और आर्यों के आगमन हेतु, संभवत : एक मिश्रिण भाषा हो गया होगा। अभी भी आदिवासी अपनी एक स्वतन्त्र भाषा में वात करते हैं।

संभवत: मुल आदिवासी विभिन्न पशु-पक्षियों के स्वर या ध्वानी, झरने की कल-कल ध्वनी का अनुकरण कर अपने कर्ण से उसी प्रकार आवाज निकाल कर गाता था। मधुर ध्वनियुक्त पत्थर, बाँस और लकडी से आघात कर, इन सव को वाद्यों के रुप में व्यबहार करता था। मृग, मोर तथा अन्य पशु-पक्षियों के अंग चालन को देखकर उसी प्रकार उछलकूद कर नृत्य का रुप देता था। उस समय का संगीत अविकशित तथा अनुन्नत होगा , यह विचार आधुनिक युगीन गवेषकों का मत है।

इसी आधार पर मध्य प्रस्तर युग में और विकशित होकर पुरातन प्रस्तर युग से मध्य प्रस्तर युग का मानव अत्यन्त उन्नत हुआ। अनुमान किया जाता है कि उनकी रुचि परिवर्त्तित होने से, मार्जित जीवन यापन प्रणाली, उन्नत चिन्ता धारा तथा उन्नत सृजन और प्रबृत्ति उसकी सभ्यता संस्कृति को उन्नत पथ पर ले गया। उस समय की भाषा, सहित्य, संगीत अन्नत होने लगा। क्षुद्र संव्द के माध्यम से एक पुर्णांग संगीत में उतार दिया। मध्य प्रस्तर युगीय मानव का विशेष अवदान कांडवीणा और भुमि दुंदुभि - से दोनों वाद्य यन्त्र अभी भी एक प्रतीकात्मा अवस्था मे प्रचलित है, जैसे - विनावाडी (काण्ड बीणा) निषान या धुमसा, लुहा (भूमि दंदुभि) आदि। पुर्व आलोचित तथ्य के अनुसार भूमि-दुदुभि से विशेष ध्वनी उत्पन्न कर उसको तालवद्य के ध्वनी के रुप में अपने गायन-नर्तन में इन लोगों ने व्यबहार किया है।

विश्वासयोग्य है कि ओडिशा के जहाँ जहाँ मध्य-प्रस्तर युग का अभयूदय हुआ है वहीं वहीं उसी युग के संगीत क्षेत्र में पर्याप्त उत्रति साधित हुई है।

ओडिशा में जितने सारे अवनन्ध वाद्य प्रचलित है जैसे-ढोल, निषाण, टमक, (टिमकिडि) तासा, वीरवाद्य, गोपवाद्य, (गोपीतारा) खजनी, घुमुरा, भांण्डवाद्य घुमुसा बडलोहा आदि का जन्म भुमि दुं दुभि से हुआ है। भुमि दुंदुमि से क्रम किाश होते हुए बिभिन्न स्थल सुक्ष्म ध्वनी का अनुकरण कर पश्चिंाम ओडिशा या पुरातन दक्षीण कोशलांचल में यह पंचवाद्य (जो किरण या स्थाही रहीत है) मध्य प्रस्तर-युग मे विकसित हुआ। इस वाद्य को अव भी "गण्डा" जाति एक श्वतन्त्र गोष्ठि वजाते आ रहे है।

युग वदलता गया और संगीत भी वदलते गये। रुचि के अनुसार संस्कार होता गया। लकडी के स्थान पर लोहा का व्यबहार होने लगा, फिर मुहुरी का विकाश हुआ।

भारत का मध्य प्रस्तर युग संगीत के क्षेत्र में सुवर्ण युग कह जासकता है। ऐसा एक 'पाँच ध्वनीगुण' जो स्थूल, शुक्ष्म-स्थूल-सुक्ष्म मिश्रित, कर्कष और मधुर ध्वनी को अनुध्यान करके पाँच प्रकार के वाद्य तैयार कर अवतक व्यबहार करते आ रहे हैं।

भारत का इतिहास बर्तमान (प्रस्तर युग के उपाओ) बिभिन्न दिशाओं में बिकाश की ओर बढता आया है ।

आदिवासी, और आयों में बार बार युद्ध होने के उपरांत द्राबिड अपना आदि परंपरा को छोडने के लिए तो तैयार नहीं हुए और दक्षीण की और चले गये । आदिबासी लोग यद्यपि शांत, कर्मह और सहिष्णु है, फिरभी परंपरा के लिए कठोर पन्थी है । इसि कारण आदिबासी लोग भी जंगल, पहाडों में अपनी नीवास -स्थापन कर रहने लगे । उनके इलाके के गोष्ठियें के एक संस्कृति इष्ट के नाम से किसि-पत्थर' या लकडी को अपना देबता मान कर पूजा-आराधना करने लगे । इस आराधना को उनकी भाषा में "लाका" कहा जाता है तथा उस देवता को मानने वाली सीमा को इलाका कहते है । उनकी परंपरा में वाधा डालने वाले शत्रु को, समझते हुए उसका विनाश कर डालते है तथा उसका खून अपने देवता को समर्पित कर प्रार्थना करते हुए कहते थे (माँ/बूढा तोर चलती के वाधा देला हेतु तोर ठाने देउछें) अर्थात अपनी संस्कृति के विरुद्ध कृतध्नता करने वाले शत्रु को वे वालि के रुप में चढाते थे । प्रायतः आदिवासी आर्यों के नीतिगत विरोध और युद्ध के कारण भारत में नरवलि प्रथा प्रचलित होने लगी ।

आदिवासियों से द्राविड तो बिखर गये पर आर्य लोग कई गोष्ठिओं में वँट कर परोक्ष रूप से आदिवासियें की संकस्कृति को अपनाते हुए कुछ मन्त्रो का संयोग करने के कारण इन दोनों दलो के गुप्तचर बृत्ति करने के लिये एक स्वतन्त्र जात उत्पन्न हुई ।

आर्यो ने मानव जाति को चार जातियों में विभाजित किया - ९.ब्राह्मण, २ क्षत्रिय, ३ बैश्य, ४.शुद्र ।

इन चार जरतियों में गुप्तचर (जासुसि) करने वाले जात सामिल नहीं थे । उनको एक स्वतन्त्र जात की मान्यता दी गयी वह है 'चाण्डाल' जात । अपने स्वार्थ के लिए तथा आदिवासी, द्राविड से अलग हो जाने से, चाण्डालों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया गया । उन्हें अस्पृश्य, दलीद, पतित, कहकर दासत्व स्वीकार करने के लिए मजबुर किया गया ।

ये अस्पृष्य दलित, पतित जात ओडिशा तथा पश्चिम ओडिशा और कोशलांचल में निम्न लिखित नाम से परिचित हुए जैसे - गण्डा, पाण, डम, चमार, घासी कुलि आदि ।

इस अस्पृश्य जाति के विना हम गुजारा नहीं कर सकते । भारत जाति की सभ्यता उसके परिवेश और संस्कृतिक परंपरा से युढे मालुम पडता है । इस लिये उच्चवर्ग, इन जाति समूह को अस्पृश्य मानते तो थे, परंतु यह जाति मानव जीवन में कितना आवश्चक है, यह विचार करने योग्य है ।

इसके साथ अनेक जाति हैं जो उच्चवर्ग के साथ रहते आये हैं । इनका सहयोग समाज के लिए कितनी जरुरी है यह सब परखने के वाद ज्ञात होगा । यह पता चलेगा कि मानव कल्याण की चिंता उन दलित, पतित अप संस्कारित, अस्पृश्य जातिं में किस सीमा तक थी ।

शुन्य से लेकर शव्द ब्रह्म तक की चिंता आर्यों के आने से पहले भारतवर्ष में था या नहीं ? उत्तर हाँ ही होगा क्योंकि प्रस्तर युग से भारत का परिचय आदि मानव दे चुके है ।

ऐतिहासिक युग की समय सीमा निरिक्षण करने से ज्ञान होता है कि यह युग नुतन प्रस्तर युग से आरंभ हुआ । इसे पहले प्राग ऐतिहासिक युग था । इसलिए इस युग को प्रागऐतिहासिक और ऐतिहासिक युग दो भागों में वाँटा गया है ।

संभबत: प्रागऐतिहासिक युग में लिखना, पढना नहीं था या तो उस समय की छंटनाओं की लिपिवदध करना संभब नहीं था । अत: वानराकृत मनुष्य तक के युग को प्रांगऐतिहासिक युग कहा गया है । ई.पु. ३०००,००० से ५००० ई. तक व्याप्त । विद्वानों ने प्रागऐतिहासिक युगको तीन भागों में विभाजित किया गया है । १–प्राचीन प्रस्तर युग २–मध्य प्रस्तर युग और –नूतन प्रस्तर युग ।

भारतवर्ष का मानवीय विकाश धारा का परिचय नूतन प्रस्तर युग से ही माना गया है, परंतु पुरातन प्रस्तर युग का होना तथा वानराकृत मानव से मानव तक आकार सस्भता का बिकाश करने वाली सश्यताओं में भारत भी अन्यतम है । अत: मानव जाति धीरे धीरे अपने विवेक को पहचानना आरंभ करचुकी थी । प्रामाणिक दृष्टि से वर्त्तमान भी भारत में तथा ओडिशा के पश्चिम भाग में पत्थर के अस्त्र शस्त्र खुदाई से मिल रहे है ।

ऐतिहासिक युग की आलोचना करें तो प्रथम ताम्र और ब्रोंच युग द्वितीय लौह युग । इस बिषय पर विशेष आलोचना, अनावश्यक कारण विषय इतिहास में लिपिबद्ध है ।

उपसंहार : –

शब्द ही ब्रह्म । यह शब्द विकाश– विनाश का कारण भी है । शब्द बिना न श्रृष्टि न जीव जगत । शब्द से उत्पन्न कंपन ही श्रृष्टि तत्व है । कंपन बिना श्रृष्टि की आलोचना नहीं की जा सकती । इतने सारे उदाहरणों का तात्पर्य यह है कि समग्र विश्व निर्भाण का मुल तत्व शब्द है । एबं इस गभीरतम विषय पर आदिकाल से परीक्षा निरीक्ष चलता आ रहा है । आज आधुनिक युग का वैज्ञानिक आदिकाल को मुल आधार मानते हुए सभ्यता के बिकाश के मार्ग की ढूढने में लगा हुआ है । यदी शब्द जब मध्य प्रस्तर युग में नारी पुरुष के लिंग भेद ।

को भलिभाति पहचान कर एक से द्वेत, गोष्ठि, गाँब, सहर, नगर बसाने लगे, मनन,

चिन्तन, मन्थन, के जरिये शब्द को श्रमलाधब सतर्क, देब-पूजन सामाजिक उत्सब आदि में ब्यबहार करने लगे । भारत का शब्द संकार पश्चिम से पूर्ब की तरफ गति किया है । बर्तमान की ओडिशा की पश्चिम दिशा तथा भारत का पश्चिम पूर्ब मध्य भाग, जो कि दक्षिण कोशल के नाम से जाना जाता था, आज पश्चिम ओडिशा के नाम से परिचित है । दक्षिण -कोशल ब पश्चिम ओडिशा, बन,पर्बत नदी, झरने से घिरा अंचल होने के कारण शब्द अनुसंधान तथा बिनियोग में इस अंचल का अबदान अतुलनीय है ।

शब्द का स्थुल, सूक्ष्म, कंपन, ध्वनी, प्रतिध्वनि,तरंग आदि को महाजागतिक संगीत से अनुकरण कर, अपनी बृद्धि चिन्तन अनुसार मानब अपने कर्म में व्यवहार करते आ रहा है । लगों के लिये, लोगों के द्वारा आबिष्कृत शब्द -ध्वनी का कंपन तथा ऊँच-नीच, मधुर तिक्तादि अनुभब कर नब रस का आबिष्कार किया गया है ।

मध्यम प्रस्तर युग से अंतिम प्रस्तर युग तक भूमि दुंदुभि तक बाद्ययंत्र का उद्भाबन हुआ । उस समय व्यवहारिक भाषा का कै व्यवहार होता होगा, इस बिषय पर अभितक कोई सिद्धांत नहीं है । अत: संगीत का मूल वाद्ययंन्त्रें से हुआ और तत पश्चात नृत्य तथा अंतिम पर्याय भाषा सिद्धान्त के बाद गायन आरंभ हुआ ।

आदि मानव के परिवारिक आवास स्थापन आदिबासी के मान से परिचित है । ये आदिबासी भारत के मूल निबासी है । ओडिशा के पश्चिम भाग (पश्चिम ओडिशा) आदिबासी बहुल अंचल है । पश्चात समय में द्राविड का आगमन की बात पहले से की गयी है ।

आदिबासी, अधिबासी तथा बिभिन्न समय में बाहर से आई जाति को इस अंचल में छत्तीस पाटक कहा गया है । जैसे - कुलता, मालि, तेली, डुमाल, गौड, नापित,धोबी, उडिआ, भुलिआ, अघरिया, गंण्डा, घासी, चमार, माहार, कुली आदि मे सब एकोदरिय परिबार के सदश्य की तरह चलते आये है । अपनी जाति प्रथानुसार उपासना, सामाजिक कर्म, अर्थनैतिक बिकास तथा मनोरंजन का साधन सृष्टि कर अपनी परंपरा के अनुसार आनंद से रहते हुए, संहति के नाते आदिबासी अधिबासी छत्तीस पाटक एक होकर अपना जीबन निर्बाह करते थे ।

आर्ये के आगमन पश्चात उनके प्रभाब के कारण जातिप्रथा का आरम्भ हुआ । आदि वासियों को अन्धविशासी, अपसंस्कारित अधिबासी छत्तीपाटक जाति को सेबक तथा परिबेश की रक्षा करने बाली जाति को अस्पृश्य, जलील, पतित के नाम से बाँटनें के

कारण समाज में गोष्टिबाद का जन्म हुआ ।

पूर्ब आलोचना में शुन्य शब्द के बारे में कहा गया है । शब्द ही संगीत का आधार है । शब्द ही शुन्य है । शब्द और संसार में कोई अन्तर नहीं है । जिसप्रकार शब्द और संसार के आगमन तिरोधान के बारे में अस्पष्टता है , संगीत उसी प्रकार आरंभ और समाप्ति के बारे में भी कुछ कहा नहीं जा सकता ।

संगीत, शब्द शब्द का एक खेल है । उसे न देखा जा सकता है, न छुआ जा सकता है, न चखा जा सकता है । केबल अनुभब ही किया जा सकता है । क्या यह अनुभब प्राग-ऐतिहासिक युग में नहीं था ?

मानब सभी जीबों से उन्नत है । इसमें चिन्तन शक्ति, बिचार शक्ति,बिबेक शक्ति समाहित है । अत: प्राग –ऐतिहासक युग से शब्द अनुसन्धान आभितक जारि है । इस बिषय पर बेद पुराण में तथा ऐतिहासिक गबेषक बहुत प्रमाण दे चुके है । पहले ही आलोचना की गई है कि मध्य प्रस्तर युग में ही संगीत का उदभाबन, आबिष्कार, संस्कार होने के कारण इसे सुबर्ण युग कहा जाता है ।

भूमि – दुदुभि, आदिबासियों की देन है । पर कोशलांचल में 'गंडा' जाति के नाम से परिचित कलाकार धीरे धीरे शब्द ध्वनी के महत्ब को समझते हुए बाकी बाद्य यन्त्रों का संस्कार किया है ।

निर्धारित विषयों पर चर्च्चा के पहले जिस जात के नाम पर वह विषय निर्भर करता है । उस जात के वारेमँ धारणा होना आवश्यक प्रतित होता है । आदिबासी, द्राबिड आर्ज का विश्वस्त सेवक गंडा जात जो कि उच्च बर्ग जातका दिया गया 'गण्डा' नाम है ।

द्वितीय अध्याय

पश्चिम ओडिशा या कोशलांचल का आदिबाद्य गंडाबाजा का प्रचलन कितना प्रचीन है इसकी समय सीमा का निर्धारण संभव नहीं हो पाया है। शृष्टि ५ इस आदिबाद्य के समय की गति कई यूगों के साथ ताल देकर आगे बढ चुकी है। जिस मनुष्य ने इस पंचबाद्य को पंचभूत के प्रतिरूप के रूप में आविष्कार कर पंचभुत तथा जड चेतन के बीच समता स्थापितकरने में समर्थ हुआं। (जिसे का भय निबारण प्रयोग करता था) बाद में उसे बार्ता प्रेरण की सांकेतिक ध्वनि के माध्यम से प्रेरण करनें में सफल हूआ। धीरे धीरे प्रस्तर युग से पौराणिक युग तक प्रवेश कर भारत के क्रम विकाश के साथ साथ गंडा बाजा का विकाश करने में भी समर्थ हूआ है। इसने सरल, निष्कपट लोंगों के मन को तो छूआ ही है साथ साथ ज्ञानी, पंडित तथा उच्च वर्गों के लोगों के लिए अनुसंधान का विषय बना है। ब्यक्तिगत आंनद से गोष्ठि, गाँव, सहर तथा बालक से बृद्ध सबके हृदय में इसे एक विशेष अधिकार प्राप्त हो चुका है, गंडा बाजा को जातीय परंपरा की मान्यता मिल चुकी है।

इस गंडा बजा की इतनी सारी गौरव गाथाएँ पूर्व आलोचना के माध्यम से उद्गम से विकाश एबं सर्वजन स्वीकृति के सवंध में शुन्य वाद से ब्रह्मनीरूपण शब्द, ध्वनि, कंपन ऐसे कई तुलनात्मक तथ्य प्रस्तुत किए गये है। गंडा बजा को लोकधारा के अंतर्गत एक परंपरा की मान्यता मिली है। परंतू किसी भी विषय की देख-भाल तथा संरचना के लिए अगर कोई ब्यवस्था न हो तोहार-हजार बर्षो तक उसका धारा वाहिक रूप से टिका रहना असंभव है। तो गंडा बजा में मार्ग धारा नहीं है कहना कितने दुर तक उचित है ?

समुद्र मंथन से 'पणब' (ढोल) और 'मृदंग' की उत्पत्ति शाश्त्र सम्मत है। मृदंग से पखावज पखावज स तबला की उप्तत्ति संभव है। एवं उसी बादय मे स्थित मार्ग को गुपीजन धुरीण ब्यक्तियों के संस्कार के निजस्व कारण जन साधारण के लिए एक मार्ग धारा लिपि शाश्त्र वन पायी है। तो उसी लोकधारा में अबतक प्रचलित गंडा बजा का निजस्व मार्ग उसी गूणी धुरीण ब्यक्तियों की अपेक्षा करना स्वभाविक है । अत : गंडा बाजा में स्थित मार्ग क्या है एवं विना लिपि शास्त्र के केवल मात्र के माध्यम से कैसे अगली पीढी तक प्रसारित हूआ है ? यही गवेषणा का विषय है।

मार्गधारा कि कहा जाता है ?

साधारण अर्थ में स्थुल, सुक्ष्म प्रतिध्वनि तरंग के साथ विभिन्न गति, समय, त्रिकाल प्रयोग, वस्तु को संकुचित करने की व्यवस्था तथा हृदय में उत्पन्न ध्वनि गुणों के अनुसार भावों को उसी ध्वनि के माध्यम से कल्पना को वास्तव रूप में प्रकाशित करने की संभावना आदि के साथ उपयुक्त शिक्षा प्रदान के लिए व्यवस्थित होना अनिवार्य है। ऐसे मार्ग शाश्त्रों में और कई सुक्ष्म विषय है। जिनमें प्रकृति, पूरूष, जनमन, पशू पक्षियों को वश में करके आंनद के सर्वोच्च स्थान पर पहँचाने की क्षमता होती है।

गंडाबाजा निश्चित रूप से एक लोक धारा है। किंतू भारत में साधारण रूप से जिन दो भागी धारा का प्रचलन देखने को मिलता है वे है -

क) हिंदूस्तानी या उत्तर भारतीय पद्धति। गंडा बाजा चाहे दोनो पद्धतियों के समतूल्य न हो फिरभी गंडाबाजा में स्थित निजस्व मार्ग धारा में जो गुण भरे हूए है। उसे देशज मार्ग कहा जासकता है। इसी

वाद्य ध्वनि मिश्रण एवं परिचालना प्रणाली में उन्नत ज्ञान कौशल है। अत: गंडा बाजा एवं उससे संबंधित समस्त दिशाओं की संपूर्ण आलोचना के बाद यह प्रमाणित हो जाएगा कि बहुत प्रचीन काल से कोशलांचल में एक स्वतंत्र देशज मार्ग प्रचलित होती आ रही है। यह भी आशा की जा सकती है कि भारत में प्रचलित इन दो मार्गे के अलावा और एक मार्गधारा संयुक्त होकर उसमें अन्यत्र भारत के यशोगान के साथ गौरव बृद्धि हो सकेगी।

चतुर्थ पर्याय की आलोचना अधिक स्पष्ट करने के लिए पूर्व उपस्थापित तीनों आलोचनाओं को पन : स्थानित करना सही रहेगा।

अनुसंधान के लिए जो लिखत प्रस्ताव दिया गया था वह इस अंतिम पर्याय की आलोचना में क्रमानुसार अवतरित वकेया जा रहा है।

महाशुन्य च शुन्य च शब्द संभव।
स शब्दप्तोक्त : स्थुल बीजार्ध मात्रक : ॥
स्थुलं च मंडलाकारं बीज ब्रह्म प्रशश्यते।
माता भुतादि विज्ञेयमिति संगीत संभवा: ॥

इसी कारण पूर्व सुरी गण प्रकृतिक परिवेश में जी कर बढने में अभ्यस्त रहकर नित्य ब्यवहृत विषयों पर शब्द की महीमा को सही तरह से समझा था। अत: प्रकृति से जात विभिन्न शब्द ध्वनियों की सुन अत्मप्सात कर कल्पना जगत में डूबे रहते थे। दुरस्थ स्थानों की संबाद प्रेरण, सतर्कता सुचक सुचना जैसे कि शरीर के लिए खादय आवश्यक उसी प्रकार मन के लिए ध्वनि के माध्यम से सुराक की व्यवस्था में गुरुत्वरोप किया था। क्रमस : एकक अनुसंधान , गोष्ठि अनुसंधान को मान्यता देने सें कुंठा प्रदर्शिति नही किया था। जिसके फल स्वरूप ध्वनि साधना में विकाश की संभावना दिखाई पडी।

आदि परंपरा के साथ आदिवासी और अधिवासी धत्रीस पाटक जाति समुह अपने अपने कुल की नीतियों के अनुसार विभिन्न देवी देवताओं की पूजा करते थे। वे समाजिक कर्मो में आध्यात्मिक धारा, मनोंरजन के क्षेत्र में आध्यात्म तथा सामाजिक विधियों में भिन्न भिन्न रसों के प्रयोग पर गुरुत्व देते थे। इसी कारण इस सामाजिक धारा में गंडा बाजा को उस समय का एक मात्र ध्वनि विज्ञानी दल माना जा रहा था। अत: जन समूहों की माँगों के अनुसार देशी गंडाबाजा कलाकारों ने विभिन्न रसोत्पादन स्थलों के आविष्कार का प्रयत्न किया।

उस छंद युक्त अल्प त्व बहुलत्व ध्वनि के एक विशिष्ट समय सीमा में प्रयोग को सरल तथा मधुर करने के उददेश्य से 'पार' या 'ताल' का आविष्कार हुआ। साथ ही लोगों ने स्वीकार भी किया। धीरे धीरे इसनेएक परंपरा का रूप ले लिया।

सामूहिक पर्व, कुल प्रथा के अनुसार पारिवारिक पूजाओं तथा उत्सवादि में इस 'पार' या ताल परंपरा का समावेश हूआ। गंडा बाजा के बिना सभी कर्म अधुरा माने जाने के कारण गंडा बाजा कलाकारों का परिवेश तथा समाज के मंगल के लिए गंडा बाजा बजाने के साथ साथ स्वत : उनके लिए अर्थोपार्जन का एक मार्ग भी खुल गया । इस गोष्ठिने आनेवाले समय में यूदध से पहले वीर बाद्य के द्वारा योद्धाओं

के मन में उन्माद उत्पन्न करने की दक्षता हासिल करके खुद को शासन के साथ सामिल कर ली। क्रमानुसार इस गंडा बाजा को व्यक्ति, गोष्ठि, गाँव तथा सहर में उर्ध्व में एक लोक कला की मान्यता मिली । हर ममुहों ने इसे नि:संकोच स्वीकार कर लिया।

इतना सब होने के लिए वानराकृत मानव से प्राचीन प्रस्तर युग, मध्य प्रस्तर युग, नुतन प्रस्तर युग के विवर्तन चक्र में चक्कर लगातें हुए एक निर्धिष्ट धारा की दृष्टि करने केलिए, जीवन में ध्वनि की आवश्यकता तथा उसके संस्कार के लिए इस मानव जाति का जीवन कठिन साधना में अतिवाहित हुआ । प्रश्न यह उठता है कि बिना नियम तथा परंपरा में बंधे किसी भी ध्वनि का प्रयोग मन चेतन के ऊपर सकारात्मक प्रभाव नहीं डाल सकता। अत: एक निदिर्ष्ट धारा का होना अविश्वसनीय नहीं हो सकता। यह विषय केवल एक विर्स्तरित आलोचना की अपेक्षा करता है।

मार्ग धारा का अनुसंधान कयों ?

इस कोशलांचल या पश्चिमांचल का गंडा बाजा के नजाने कितने युगों तक कितने प्रकार के घातों प्रतिघातों से गुजरते हुए अपने अस्तित्व को बरकरार रखने में सफल हो पाने का कारण क्या हो सकता है ? हर किसी के मन में यह प्रश्न आना स्वभाविक है। द्वितीयत : प्राचीन काल स बजता आ रहा गंडा बाजा केवल ऐसे ही बजाया जा रहा होगा ? अगर ऐसे ही बजाया जाता होगा तो आजकें उच्च शिक्षित वेज्ञानिक युग के शिक्षित समाज में इतना आदर भाजन न होता । बलिक इसे अपसंस्कृति या मन, चेतन, शरीर आदि के लिए अनुपयोगी मानकर त्याग कर दिया गया होता। यह गंडा बाजा और उसकी ध्वनि तथा छंद गुण के कारण विशेषत : केवल लोकधारा के अंतर्गत हूआ होता तो भारत की दुसरी लोक धारा संस्कृति की तरह कराल काल के गर्भ मेअबतक लूप्त हो गया होता।

समस्त शास्त्रवितों ने इस सिद्धन्त को स्वीकार कर चुके है कि मार्ग संगीत देशज संगीत का एक संस्कारित रूप हे। अव केवल पश्चिम ओडिशा में प्रचलित गंडाबाजा में नीहित छंद गुण का उद्धार और संरक्षण करने का समय है। अतीत में महान विद्वान संगीतज्ञों ने कहा था कि अतीत में भारत में ५९०० ताल व्यवहार में था। अत: यह प्रश्न स्वत : आ जाता है कि उसके प्रयोग न होने का कारण क्या है ? इसके दो कारण हो सकते है, साधको का अभाव या अल्प में संतुष्टि लाभ करना। बहुत समय तक कुछ विद्वान पंडितो की प्रचेष्टा से १२० तालो में संगीत परिवेशित किया जा रहा था। किंतु इस अत्याधुनिक युग में केवल १६ तालों या इससे भी कम तालों का प्रचलन है।

इस तथ्य से यह देखा गया कि कारण चाहे श्रोता – दर्शकों की रूचि ही या गुरू०शिष्य परंपरा में व्याधात जो भी हो धीरे धीरे संगीत में तालो की संख्या संकुचित होती जा रही है। फिरभी भारत में कला संस्कृति का विलय नही हूआ है। कोई भी साधना कोलाहल में संभव नहीं होती। एकांत साधन के लिए प्राकृतिक परिवेश सर्वेत्कृष्ट होता है। निर्दिष्ट विषय साधना की सिद्धि में अगर प्राकृतिक परिवेश सहायक हो सकता है। पुरूषानुक्रम से प्रकृति की गोद में पल बढ रहे पश्चिम ओडिशा के जन समूह पुर्ण मात्रा में महाजागतिक संगीत से देशज तथा देशजसंगीत से मार्ग अनुसंधान कर निजस्व परंपरा में गुरू–शिष्य परंपरा के आश्रय में संगीत साधना में सिद्धहस्त होना स्वभाविक।

किस गुण के कारण इह परंपरा में रूपांतरण हूआ है ?

यह प्राचीन आदि संगीत धारा विशाल जन समूहो की स्वीकृति के कारण ही आज तक बची हुई है। कई पार (ताल) बच गये है। कई विस्मृति के गर्भ में लीन होकर भी आज पुनः उद्धार से उनमें नुतन जीवन संचारण आरंभ हो गया है। संग्रह के क्षेत्र में कई वाधाओं के होते हूए भी एक नुतन मार्ग उद्धाटन की संभावना की आशा रखकर प्रचेष्टा जारी है।

अन्य वर्गो के कलाकार गंडा बाजा के अंतर्नीहित गुणों के प्रति आकृष्ट होकर, प्रदर्शन के नाम पर अल्प कुछ छंदों को लिया है। इसके कारण मुल धारा की अधिक क्षति हूई है। मंच प्रदर्शन कला एक मनोरंजन धर्मी तथा अल्प समय में समपित होने वाली कला है। साथ ही रूप सज्जा और चकाचोक में धीरे मंच कलाकार अपनी कला को लोकहीत करने के लिए बादय छंदो का मिश्रण या समागम करते है। जिससे यह कर्ण और चक्षु को आकशिति कर पाते है। मंच सज्जा, सौंदयवोध मंच परिवेशण कला लोकप्रिय हुई। सर्व साधारण तथा पृष्ठ पोषक प्रशासन से मंच कलाकारों को प्रोत्साहन मिला। वे धन-मन के अधिकारी हुए। परंतु दुसरी और गुण युक्त होते हूए भी वास्तविक कलाकार कला को सौंदर्य तथा लोभनीय रूप न दे पाने के कारण उन्हे प्रत्साहन का भी अभाव रहा। एंव प्रोत्साहन न मिलने के कारण यह जन मानस से दूर होती गयी। यहाँतक कि उत्सव, त्योहारों, विवाहो तथा राजकीय मनोरजन के क्षेत्र में भी अधुनिक बादयों की सहायता कर उसे मनोरंजन कला के रूप में स्वीकार किया गया। इसी कारण कौलिक वृत्ति में ब्यस्त रहकर मंगल सेवा - करने बाली गंधर्व (गंडा) जाति अर्थिक अभाव का शिकार होकर दुसरे देशों या राज्यों को दादन श्रमिक बनकर जाने लगे । किसी अंधेरी गुमनाम गली में खो गया आदि काल का वास्तवधर्मी गंडा बाजा यंत्र, पंचवाद्य

पूर्वालोचना से गहराई से चिंतन करने के उपरांत यह स्पष्ट हो जाता है कि पूर्ब अतीत में भारतवर्ष में प्रचलित असंख्य ताल के अनेक अंश पूराण वार्णित इस कोशलांचल के गंधवों (गंडा) के द्वारा संचित थे। उस दिशा में उनके दक्ष, पारंगम होने के कारण वे समाज के मंगल के लिए इसका विनियोग करते थे। समय के साथ कई तालों का विलय भी हो चुका है। जितना बचा है उतना भी अगर संगृतिह तथा संचय करके रखा जा सके तो एक महान सांस्कृतिक परंपरा को पतन होने से रोका जा सकता है। अतीत में दृष्टि रक्षण के निमित्त ध्वनि के माध्यम से पुन : गंधर्व बाद्य गंडा बाजा अपना कर्त्तब्य संपादित कर समाज का हित में लग सकता है।

क्यों दुंढ रहे है ?

कभी पथ प्रांत तो और कभी मठ मंदिर, कभी सामंतवाद के दरवार के विलास में या वन, पर्वत, झरना के किनारे आदिवासी जनजाति के कठिन परिश्रम लाघव हेतु धारा विहीन, अश्रृखलित संगीत को अतीत के महान ध्वनि शास्त्रज्ञ भरत मुनी से सुरू करके भातखंडे, पल्यूस्कर, भेंकटेश्वर जैसे अनेक विद्वान संगीतज्ञों ने संग्रह कर कई शास्त्रों की रचना कर दी। उन्हीं संगीत शास्त्रों के दवारा संसार में भारत की मर्यादा द्विगुणित हो गया। अगली पीढी इन शाश्त्रों का अनुसरण करके आगे बढ गयी है, विश्व में नाम कमाया है, भारत का सम्मान बढाया है।

इतना होने पर भी शास्त्रकारों के लिए सुक्ष्म ध्वनि संपन्न संगीत को आविष्कार संस्था के लिए सुविधाजनक होने के कारण शाश्त्र में भी दे भागों में बाँट दिया गया है : १- देशी, २-मार्गी, मार्गी लिपि युक्त होने के कारण बारंबार मंथन की सुविधा हुई। अनेक तर्क, आलोचना, पर्यालोचना हुई। उन्नति का मार्ग उन्मुक्त हूआ, प्रचारित प्रसारित हैआ। गुरु आश्रम से विद्यालय, महाविद्यालय तक की सुविधा उपलब्ध हूई। ऐसे कि विज्ञ पंडित उपाधियाँ प्रदान के लिए विश्व विद्यालय बनाए गए। परन्तु 'देशी' नाम धारण की हुई लोकधारा को समझना, हृदयंगम करना तथो सक्षात्कार के लिए गमनागमन कष्ट स्वीकार करने का समय लगता है काफी नहीं हुआ। अत: सस्मक सुचना देते हूए शास्त्र मौन रह गया। आलोचित देशी संगीत का आधुनीकता के दबाव से निकलने के लिए छटपटाहट ही देखने को मिलता है। लोक धारा को एक कलंकित जगत में धकेल दिया गया परक्षति सर्वसाधारण की हुई। आज केवल मात्र से ५ पार या छंद को लेकर मंच परिक्षण कला रक्षणशील हो उठे है। परंतु संपूर्ण ज्ञान से भरा भंडार होकर भी ग्रामांचल लोकधारा के अंतर्गत कला व कलाकार अवहेलित है।

प्रचलित आदि परंपरा लोकधारा में बहुत सारे ज्ञान भरे पार या छंद है। जिसमें छंद या गीति छंद संयोग हो पाने पर शिष्ठधारा का कलेवर की वृद्धि होना निश्चित है।

समाज में प्रत्योक काम के लिए जो पार या ताल है पहले उसके साम्यक संगृहित ताल समूह के बोल, विनियोग स्थल, काल, पात्र के रूपानुसार संयोजित पार में ताल मात्र निरूपण करने का ज्ञान।

ये सारे पार जिस धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, कर्म सें प्रयुक्त हो जाते है। क्रमानुसार पहले पार लिपि आदि का संग्रह किया गया।

धर्म :

धर्म के धारण तथा उसे सुरक्षा देने के लिए साधारणत : पारिवारिक तथा सामुहिक धारा में कुछ पथाओं या पारिवारिक धर्म में

(क) व्यवहृत हो रहा गंडा बाजा प्रायत : विवाह उव्सवों में पलित विभिन्न कर्मो में कुल देवी देवता ग्राम देवी सबसे पहले वर-वधु कों ईश्वर - पार्वती के रूप में देखे जाने के कारण वह सव भी कौलिक धर्म के अंतर्गत आता है। अत: उन सभी कर्मों में प्रत्येक कर्म के लिए स्वतंत्र ताल या पार निधार्रित हूआ है। उसके बाद विभिन्न जाति कुल प्रथा भिन्न भिन्न होने के कारण पार या ताल भी स्वतंत्र होते है।

(ख) मनुष्य गर्भधारण से अंतेष्टि क्रिया तक जिस सोलह संस्कार है वे सभी वर्गो के लिए भी स्वतंत्र पार निधार्रित हूए है।

सामुहिक धर्म संरक्षण में

(क) प्रत्योक पुथप्रांत देवी देवता, ग्राम्य देवी, सहरदेवी, पथदेवता, वन देवता, पर्वत देवता, नदी जल देवता आदि के जुजन के लिए लोकधारा में एक स्वतंत्र परंपरा निधार्रित है। हर देवताओं के लिए एक मृल बादय छंद निर्धिष्ट होकर पुजन के समय सोलह विधिओं के अनुसार पुजा की जाती है।

(ख) मनुष्य शरीर में देवत्व आमंत्रण कर्म के षोलह विभाग निधार्रित है। एवं प्रत्योक विभागों के लिए स्वतंत्र षोलह छंद या पार निधार्रित है। वह पार या ताल 'भरणी' के नाम से जाना जाता है।

अर्थ : (क) यह बाजा अगर दूसरों के लिए निर्मंत्रित होता है तो दक्षिणा के रूप में इसका पारिश्रमिक

दर निधार्रित होता है। अंग वस्त्र, आमंत्रित या कर्मरत रहने तक बाद्य मंडली कलाकारों के भोजन तथा विश्राम के लिए स्वतत्रं जगह निधार्रित किया जाता है। अतीत में गंधर्व बाद्य कलाकार जाति को अष्पृस्य समझकर जन साधारण में रहने की उन्हें अनुमति न थी। उसी कारण उनके लिए प्रछतु के अनुसार रहने की स्वतंत्र जगह की व्यवस्था की जाती थी। इसे सौभाग्य कह सकते है या जन चेतना जो भी हो आज वह कलंकित भेदभाव नहीं रहा। उनके कर्म समाप्तिके पश्चात उनकी विदाई के समय उन्हें परिवार के लिए कूछ उपहार दिए जाते है। एवं साथ ही उनका हक उनकी कर्म दक्षिणा भी दी जाती थी। कौलिक वृत्ति होने के कारण कइँ दिनोंतक प्रथा आवश्यकतानुसार सारी रात बादय बजाते रहते है। उस समय उनके पास उदर पोषण का दूसरा कोई मार्ग न होने के कारण उन्होने अपनी आर्थिक स्थिति को सूधारने के लिए इस कठिन वृत्ति को अपना लिया था।

(ख) सामतों के शासन काल में विभिन्न गाँवों में यूद्ध कौसल के अभ्यास के लिए इस गंडा बाजा की सहायता ली जाती थी। इसमें शारीरिक ब्यायाम, शस्त्राक्त चालना की विभिन्न दिशाओं, खेल, कुस्थि, क्रिडा के लिए स्वतंत्र बाद्य छंद बजाए जाते है।

मनोरंजन

कोशलांचल में मनोरंजन विभाग का धनो है। एकक, देवत तथा गोष्ठि सभी सांगीतिक कर्मों में मधुर बाद्य छंद परिवेशण कला में गंडा बाजा कलाकार महिर है। ध्वनि मिश्रणे प्रभाव दर्शकों के अंग प्रत्यंग भी चल –चंचल हो जाते है। एवं इसके कुछ अंश को लेकर आज भारत विश्वयेवंदित हो पाया है।

(क) यहाँ नारी–परूषों के लिए स्वतंत्र विभाग है। एवं प्रत्योक विभाग के अपने स्वतंत्र पार है। अत: मनोरंजन विभाग में गीत से लेकर वादन एंव नृत्य का प्राधान्य अधिक है।

(ख) सर्वसाधारण के नृत्य में जिसप्रकार कई पार है उसी प्रकार प्रत्योक देवी– देवताओं के नृत्य के लिए भी स्वतंत्र पार है।

प्रत्योक विभा गमें बजने वाले पार या ताल

धर्म/ आध्यात्म :

पीठ पुजन

देवानुभूति

अन्यान्य उव्सवों में देव पुजन

१. पीठ पुजन – पीठों के नाम –

(क) पथेई, डंगेई, चँपातलेन, समलेई, पाटमेसरी, गँगसागरेन, हीरासागरेन, घँसिएन, पाटखँडा, निशि, सुरसुरी, मानकेश्वरी माहेश्वरी, जाडेन, बुढारजा, डंगर बुढा, वस्त्रेन, मेटाकानी, कलास्त्री, मालत्री, बारभाई, बारभाई लांत बुढा, सरव मँगला चैउमँगला, बाट मंगल, कुठी मँगला, बरून बुढा, ठुँटी बुढी उमादेई, डंगर खुँटा, झारेन बुढी, सुलिआ, बाउती, कंदादो, कांदुल बुढा, दे ढालखाई, घँन्टासनी, बढेन बुढा इत्यादि पीठ देवी पुजन के समय सुलह सिरडी (षोलह सृखंला) बजता है।

सुलह सिरडी (षोलह पुजा) बाजा क्य क्या ?

१. आदि घात, २.पतर उछेन ३. बाएल कढा, ४. मुजा बसा, ५. गरामपति नीता ६. खडाँ धुआ, ७. बेलतल पूजा, ८. कुम बुडा या पाएन बुडा, ९. बरूण पुजा, १०. छतर धुआ, ११.छतर पुजा, १२. डका या बरन, १३. देअना, १४. दे बसा, १५ धुपप्ररा बएठा देखा, १६.उभा

देवानुभूति या देवताभरा

क) देवानुभूति – जिन देवी – देवताओं के लिए उत्सव आयोजन किया जाता है वे किसी पीठ के देवी देवता न होकर पूर्ण रूप से पथप्रांत या अस्थायी देवता होते है। यह आयेजन एक दिव्यशक्ति को ध्वनि विज्ञान के माध्यम से मानव शरीर में अवतरित करने का एक आयोजन है। इस कार्य के लिए एक देहूरी, एक बरूआ, दो बाहाधरू, एक हूला धरू, एक छतर घरू ओर ५ गंडा बाजा सह कलाकारों की आवश्यकता होती है।

सवसे पहले क्षेत्र प्रस्तुति के लिए 'ग्रह टला' नामकदिगवंधन क्रिया संपादन के बाद अस्थाय देव स्थली को अच्छी तरह से साफ करके उसकी लिपाई– पोताई करके एक तोरण / चाँदनी से सुशोभित किया जाता है।

द्वितीयत: एक अस्थयी पत्थर के ढुकडे या खुँट (छाता खंभा) शरीर में सिंदुर, गुडहल फुल की माला पहना कर देवपीठ निमत्रंण किया जाता है। सामने के हिस्से पर चावल की पुंजी दवारा विभिन्न् आदि परंपरा के यंत्रों का चित्र बनाये जाते है। एबं उसी के ऊपर अस्त्र –सस्त्र छत्र बेरग रखकर देदुरी दवारा पुजन कार्य किया जाता है। ध्यान देने का विषय यह है कि इस पूजन कर्म में किसी भी वेदिक मंत्रों का उच्चारण नहीं होते।

तृतीयत : गंडा बाजा के द्वारा सर्वसाधारण को सामिल होने के लिए 'डका' पार का प्रयोग होता है। इस पार के द्वारा वार्ता प्रेरण भी किया जाता है। यह बांदय छन्द सुदुरप्रसारी है। इस बाद्य ध्वनि को सुंनते ही पास के अंचल के श्रद्धालु उव्सव स्थल पर एकत्रित हो जाते है। मानसिक किए हूए विश्वासी श्रद्धालू पुजा सामग्री, फुल बेल, के पत्ते, दीप, गुड से पाक किया हूआ 'जुगार', प्ूबली, बस्त्र इत्यादि से भरे थाल लेकर आते है। निधार्रित स्थान पर अपने लाये हूए छी– दीप (वयाँ) बएठा जलाकर एकाग्रता के साथ पुजा स्थल पर बेठे रहते है।

चतुर्थत : देवता भरा या देवीभरा उपासना में अस्थायी देवपीठ के सम्मुख चावल की दो पुजियो से यंत्र का चित्र बनाया जाता है। एक में बरूआ, पत्र विछाकर बेठता है। दुसरे यंत्र को अपलक नयनों से ध्यान से देखता रहता है। देहुरी दिग बंदन करते हूए बरूआ का अष्टांग वंदन समापन करता है। उसके बाद गंडा बाजा में आदि घात भरनी का आंरभ होता है। बाद्य ध्वनि शब्द के गुँजते ही वहँ उपस्थित बालक, बुढे जवान सव हूलहूली (मुँह से की जाने बाली एक विशिष्ट आवाज) हरिवोल ध्वनी से परिवेश को बहुत गंभीर बना देते है। उसके बाद गंडा बजा के माध्यम से जिस देवी– देवताओं के लिए निधार्रित षोलह भरणी या सुलह भरनी बाद्य छंद क्रमानुसार है। प्रत्येक बादय छंद में निधार्रित ध्वनि से देवता भरण के लिए बजाया जाता है। बैठा 'बरूआ' की अवस्था स्वभाविक न रह कर धीरे धीरे वह विभिन्न

प्रकार से क्रियाशील हा उठता है। बाद्य के छंद और बरूआ के अंग ष्पंदन परिवेश के बहूत गंभीर कर देता है। लेमहर्षक स्थिति हो जाती है। शिशुओं के लिए भय का वाताकरण बन जाता है। विस्वास के अनुसार बरूआ के देवत्व प्रप्ति के अपरांत समयक नृत्य, बरदिआ, नगर परिक्रमा, अस्थायी पीठ स्थल पर वापसी, बलीभूजा, पुन: उददाम नृत्य 'पणव' ऊपर चडकर विश्राम कियाा जाता है

अन्यान्य

विबाह – बंदापना, ब्रतोपनयन, ग्राम्य देवता पूजन, भूमि पूजन, धान्य रोपण, धान्य छेदन, खला पुजा, धान गृह पुजन आदि कार्य में भी देव आशिर्वाद विशेषत : उ मंगल कार्य के लिए देव निमंत्रण, देव गणसन आदि करने की विधी है, साथ ही सामुहिक रूप से गाँव के मुख्य रास्तों में गंडा बाजा बजाने की प्रथा है। इसमें भी कई पार या छंद देखने को मिलते है।

अर्थ : दूसरों के लिए अपने श्रम के प्रतिदान स्वरूप कुछ कुछ अर्थ लेने की व्यवस्था भी है। यही गंडा बाजा कलाकारों की वृत्ति होती है।

किस कर्म के लिए अर्थ की मांग होती है ?

क) व्यक्तिगत कर्म जैसे ; विवाह, व्रतोपनयन, अणू रोग निवारण के लिए पुजा, शोभायात्रा, व्यक्तिगत देव पुजन, क्षेत्र पुजन, जन्मोस्सव, शव शोभा यात्रा, विभिन्न जातियों की प्रथाओं में स्थित विधिओं के पालन के लिए निधार्रित अवधि के लिए अतिथि निमंत्रण आदि में अर्थ की मांग होती है।

ख) समर अभ्यास, राज दर्शन आदि तथा अन्यान्य समामाजिक, परिवारिक तथा व्यक्तिगत कार्यो के लिए मुल्य चुकाना पडता है।

काम: डालखाइॅ, माएला जड, चुटकुटुटा, जात्रफुल, मँदार, गलार, नचनिआँ, रसरकेलि, डका हका, घुमरा, ढाप आश्रित नृत्य – गान के लिए तथा सिंध खेल आदि

मोक्ष :

क) परभाति (प्रभाति), बजा साल, लहकी गरामपति (ग्रामपति), पथेई आदि गंडा बाजा कलाकार स्वइच्छा से परिवेशण करते है। किंतु आदिवासी संस्कृति के अंतर्गत पंचभूतों में सामिल प्रृति को भी विभिन्न देवी देवता की मान्यता देते है। अत: आवागमन के समय जिन जिन देवी – देवताओं के दर्शन होते है उनके लिए भी स्वतंत्र पार निधार्रित हूए है।

क्षेत्र के अनुसार कलाकार अपने अपने बुदधि– ज्ञान का प्रयोंग कर बादन करने के कारण एक दल की बादन शैलि दुसरे दल से भिन्न लगती है तथा नियमित छंद न होने के कारण जनमानस में स्थायी होकर रहना संभव नहीं होता है।

इस प्रकार चतुवर्ग धर्म, अर्थ, काम, भेद या आध्यात्म, सामाजिक, अर्थनैतिक तथा मनोरंजन विभागों में क्या क्या बजते है एवं उस बाद्य छंद का नाम क्या है।?

धर्म क – १. पतर उछेन, २. मंगल, ३. बाटचाली, ४. बाएल कढा ५. कलसी बुडा, ६.बरून, ७.छंतर धुआ ८. युंजी कटा या जंतर कटा, ९. देवरन, १०. देबसा, ११ धुप मरा, १२.

क्यँ बएठा दिआ, १३. उभा, १४. रसादेश, १५. सुलह पुजा भरनी, १६. बएल बरा या बरूआ निमंत्रण : पहूड या पहड ।

ख- बाट मंगला, सरब मंगला, कुठि मंगला, समलेई, पाटनशरी, मानिकेशरी, मेटाकानि, बुडढी माउलि मालभंगा, नगरेन, चँपातलेन आदि देवताओं के स्वतंत्र पार संगृहित है ।

देवता भरा सुलह भरनी

क- पतर उछेन (स्वतंत्र छंद)

ख- आदिघात- १. भरनी, २.रासनी, ३. मंजमरा, ४. भेलकि, ५. आवाहन, ६. देवीभरा, ७. अंगखेला, ८.भदँड, ९. शिखाबंधा, १०.अभिशेक, ११. रसावेश (स्वतंत्र) १२. देवता छडा, १३ उभा, १४. चकरमरा या चकरकेलि, १५. उरघेन, १६. छिडेन या पहड ।

अर्थ और काम

इन दोनो पर्यायों के लिए कुछ स्वतंत्र बोल होने के साथ साथ कुछ बोल धार्मिक पंरपरा के बोलों के सांथ अर्थ उपार्जन के काम में ब्यवहार करते है । उन सभी पारों के नाम नीचे दिए जा रहे हैं ।

राज्याभिसेक, नगर भ्रमण, राज विग्रह, मेदि, देखा आदि ।

योद्धा या सैन्यों की उन्मादना के लिए :

खँडा बुला, गुजेर मरा, ... बाहा धरानी, खाक पिटा, मुदगर बुला, आदि, गउरबाडी, सिघखेल आखडा, जुहामरा, रपटा, मुरेन, ... कुटा आदि और कई नक्षत्र परिस्थिति के अनुसार नाम और पार है ।

काम या मनोरंजन तथा सामाजिक :

विवाह : माएट अना, ताल अना, सुता गुरू, काँकेर मुल गनसन, तेल हलदि चढा, ई गनसन, मंगल गनसन, पिलानचा दुर्ला, मडो ठाहाडी, बरन, मडो नाच, रसरकेलि, माएलाज आद्रि) पाएन पएलटा, टुकेल डुर्ला नचा, आबिहारी पाएन पका, दे गुडी गनसन (विभिन्न देवी- देवताओं के निधार्रित पार) बर गालसेका, बर बनकीमरा, बीरबेश नचनिआँ, हॅका बजा पार (बेटी की शादि) बंदना बसा, चउल टिका घर बुला (विरह) बह बहरा, जुआ खेल, हल्दि तेल उतरा ।

मनोरंजन : डालखाई, रसरकेलि, माएला जड आदि तथा मनोरंजन स्थल पर गीत नृत्य के साथ ताल बिठाकर करने के लिए कई नए पार या छंद

मोक्ष : अंतीम यात्रा के लिए जो छंद या पार बजता है उसे ..... बाजा कहते है । सरधि और मंगल बाजा अंतीम पर्याय में बजता है ।

प्रत्येक क्षेत्र देवी देवता तथा विभिन्न जातियों की स्वकीय पंरपरानुसार कुछ जगह भिन्न भिन्न पार बजते है ।

वि.द्र : कई बाद्य छंद लुप्त हो गये है । वर्तमान के वरिष्ठ गंडाबजा कलाकार कहते है कि पुर्वसुरियों

के दवारा परिवेशित बाद्य छंद सर्व साधारण मे ..... तथा आदर न मिलने से उसे लोग को भुल गये ।

क्रयात्मक

क्रियात्मक विषयों की दो अध्यायों के मध्यम से आलोकपात करने का प्रयास कर रहा हुँ।

क– केवल कलाकारों के मुखनिश्रृत वाणी से संगृहित बोल

ख– प्रत्योक चल चित्र के माध्यमसे संग्रह किये गये बोल उल्लेख किये गये है ।

किस कर्म के लिए कौन सा बोल बजाया जाता है ?

एक निर्दिष्ट देवता के कल्पित रूप चरित्र के प्रतिक्रियात्मक भावावेश के लिए एक साधारण व्यक्ति के शरीर में उस देवता का अवतारण किया जाता है । जिसे कि लौकिक भाषा में देवता भरा या दे अना कहते हैं । अंधविश्वास का आरोप लगने के बावजुद यह प्रथा आजतक प्रचलित है एवं इसके प्रति जन समर्थन विश्वास के साथ है । इस देवता भरा या दे अना प्रथा को संपुर्ण करने के लिए दो धाराएँ है । पहली है सुलह पुजा एंव दुसरी बेदिभरा सुलह भरनी ।

बेदि भरनी – या (षुलह भरनी)

भरनी श्रृंखला आरंभ से पहले कलाकार गांबाजा के दवार आदिधात संचार कर देव आमंत्रण विधी में एकाग्रता, अपने बादन शैलि की श्रेष्ठता, आरंभ से अंत तक निभुले परिवेषण के लिए पुर्व प्रस्तुति करते हैं ।

आदिछात : प्रायत : जाति का होता है ।

१– गिडि गिडि गिडि गिडि । गिडि गिडि गिडि गिडि

२– गिडि गिडि गिडि गिडि । गिडि गिडि गिडि ताता

३– गिजा गिजा गिडि तड तड । तार गिजा गिडिझाऽ गिडजा गिडि तऽ

४– ऽडि गिजा गिजांग गिडि । गिजांग ऽडि गिजांग तडतड

५– ऽगि जिघि ऽणकणक । ऽडि गिजा ऽड गजिा ताक ताक

६– ऽगिजा गिजा गिजा डिऽऽऽ । ऽ गजिा गिजाड गिजिडि ऽऽऽ

७– गिजा गिजारि जाडिजिडि ऽऽऽ । तडिता तताितडिताति ताऽ

८– तारगिजा गिडा गिडजा गिडक ।

गिडिजा गिक गिजो गिके ।

गिड गिहि गिडि गिडि

तिस्र :

१– गिड जाडि गिडा गिज डिकि ताक

ताक ताक गिजा गिडि ताक तिडतिड

२- गिडि जागि डिजा ऽगि डिजा गिडा ऽतिड डाऽ
तिडि ताक तिता ऽकि तिता किड ताघिड ताघिडा ।

३- जार गिडि टागिडजा खऽ ऽत

तिस्त एंवं चतुरस्त क्षेत्र तथा बहू प्रचलित । अत: इसी क्रम में कलाकारों की योग्यतानुसार कई अलंकृत होता है । उसके बाद दे अना या देबता भरा आरंभ होता है । पुन : हरिबोल -हुलहुली ध्वनि के माध्यम से गंडाबाजा से बेदि भरनी का आरंभ होता है । क्रमानुसार बेदि भरनी सें षोलह पार परिवेशित होकर समापित होती है आदि परंपरा की योग साधना ।

बेजिं भरनी बा षोलह भरनी

क- तर उच्छेन स्वतन्त्र छंद :

तार गिजा गिडि घिड झाऽगिताऽ गिजा गिडि तार गिडा गिडि झा गिड त्रता कड कड
घाडि घाडि ऽऽ गिडा घिडिगिडि झाखटा ताऽता घागिज घागिज ऽऽ गिडा घिडि घिडिड झाऽ खीटा तऽता

ख- आदि घात :

डिड जाऽ गिड जाऽ गिड जाऽ घिड तिक

१. भरनी :

ऽतार घिडजा गिडजा घिडक

२. रासनी :

गिजाक जाडिडि ताकता गिडाऽ घिडिजा घडिजा
ऽताक तागिडि ताकता तागिड तडतड ताऽता

३. मंजमरा :

गिजा गिजो गिजो गिडिंग
गिजो गिजो गिजो घिडिंग
गिजो गिजो गिजो घिडिंग
गिजो गिगो गिजो घिडिक

४. भेलकि :

इड गिजा गिजाहा । गिडा गिजाह ॥ गिडि घिजहा ताकिट । ताक ताक

५. आबाहन :

जाड गिजा गिजा जागि नाक ऽहा ऽऽ गिजा गिजा जागि नाक झाहा ऽऽ
जाड गिजा गिजा जागि नाक घांगि ऽऽ कटा कटा तित तित ता ऽऽ

६. बेजीभरा :

तार गिजि झाऽ गिंता घितऽ

१२ मात्र दो गुट मे बजते है

७. अंगखेल :

गिड झँऽ गिडि ताऽक ताऽक
जार गिजि ताऽऽ ताऽक ताऽक

मा मंगला पार सदृश त्रिष्टप छंद

८. उदंड :

गिडि गिडि गिड गिड घघीं
गिजो गिजो गिजो घित

९. शिखाबनंधा :

कई स्थानों पर 'उदंड' पार के साथ एक जेसा बजता है। विशेष कुछ स्थानों पर समान्य परिवर्तन देखने को मिलते है।

घितो गितो गितो गिडंता आदि।

१०: अभिशेक :

इस पार में देवी देवता मानव शरीर में आने के वाद देव अलंकारों में सजाया जाता है। जैसे घागर, जालाजल माल, बाहाबना, गुडहल माल, सिंदुर, पाँव में पएँरी लगाकर किया जाता है।

११: रसाबेश (स्वतंत्र)

गिडि जाडा घिडंग। गिड जाऽ घिग्गिं

१२: देवता चता :

गिड जाँ गिडजाँ गिडजा गिडजा
गिजाणा घिंडग गिजाता घिंग

१३: उभा :

समयक सरल बाद्य बजाकर बाजा बंद कर दिया जाता है। देहरी दवारा धुप दीप अर्पण के बाद देहेरी और बरूआ के बीच आपस में बात चीत करते है। तव अवतार के समय आदि घात से कुछ अंश बजाया जाता है।

१४. चकर मरा बा चकर केली

घिंग् गिडजा गिडजा (एक पाद त्रीष्ठप छंद)

१५: उरघेन :

घिडिगं गिडजा गिडजा (एक पाद त्रिष्णुप छंद)

१६. छितेन बा पहुड :

बरूरआ, देहरी, बादाधरू के साथ गंछर्व बाद्य भी (१) (से एक जन विश्वास का पर्व समाप्त होता है) विज्ञाम करेंगें। उस समय सामान्य कुछ लौकिक देवी देवताअें के पार बजाते है।

आविर्भुत देवी नगर परिक्रमा कर पीठस्थलि पर प्रत्यावर्तन करने के बाद हुलहुली -दारिवोल ध्वनि से मुल देवता के पार, एक पाद त्रिछुप छंद पार जोरों से बजता है। उस समय बरूआ ढोल के ऊपर चडकर उददाम नृत्य करता है। बव समय मनुष्य शरीर में देवत्व अवतरण करने का समय।

अचानक बरूआ निस्त्रज दो जाता है। बाजा भी बंद कर दिया जाता है। अत: यहाँ 'बोल' लिखना उचित नहीं समझता।

इस शेलह भरनी से कई अंश अब लुप्त हो गये है। वर्तमान कुछ नुतन संयोजनएँ हाकर देव कार्य संपादन किए जाने के कारण धीरे धीरे परंपरा मलिन होती जा रही है।

पोहल भरनी का दोने लोकधारा तथा शास्त्रीय नाम उल्लेख किया गया है। जिसके दवारा कुसंकार या अंछविश्वास के अपवाद से लोक संस्कृति बच सकती है।

	लोकधारा	शिष्ठधारा
१.	भरनी	भरणी (भरण करना)
२.	रासनी	रंजनी
३.	मंजमरा	मंजनी
४.	भेलकि	सम्मोहनी
५.	आबाहन	शक्ती आकर्षणी
६.	वेजिभरा	अनूप्रवेशिका
७.	अंगखेला	उदात्तधारणी
८.	उदंड	प्रचंडा
९.	शिखाबनंधा	शिर्षाबस्थित
१०.	अभिषेक	बिलासी
११.	रसावेश	अनुरंजनी
१२.	देवता चडा	शक्तबेश
१३.	उभा	आवभाब
१४.	चकरमरा बा चकरकेलि	चक्र मंजरी
१५.	उरघेन	शातीकरा
१६.	झिडेन बा पहुड	बिश्राम / त्याहि

अंथ :

राज खुलि :

गिडि गिडि जागि नाक नाकटऽ घिनाऽ कडा तिडतित ताऽ

गुजेरमरा :

गिजडि गिंजाड

बाहाधरा (कुस्ती) :

गिजि गिजि जाणा गिजडि

खाकपिटा :

इघि जाड ताक ताक

मुदगर बुला :

गुजेर मरा तुलऽ

गउर बाडि :

गिजि गिजा गडि ताऽ कता ऽक

सिंघ खेल आखडा :

गिजे घिग ताक ऽता कऽ ताक

जुहामरा :

गिडि गिडि घाऽगि जार गिडा घाऽगि गिड झाऽ गिजा गिजा

घाऽऽ गि घा ऽऽगि गिजा जाडा तत तात ऽता तिग

झपटा

गिडि गिडि गिडि गिडि गिडि गिडा झाऽ

घिऽ डऽ गिड घाऽगि ताता ताता

चकरि/ मुरेन :

गिज जिड गिज जाड गिड गिड गिज जाडा

खुरुव खेल :

जार गिजा झा घाऽगि घागिऽ

बि:द्र

बिवाह :

माएट पका

डाल अना / मडो डाहालि अना

सूता गुरु बा काँकेर मूल

गनसन

तेलहलदी चढा

देगनसन

मंगल गनसन

पीला दुर्ला नचा

मडो डाहालि बरन

रसरकेली

मालाजड

माएला जड

मडोडालखाइ

पाएन पलटा

धूकेल दुर्ला नचा

पथेइ गुडि गनसन

बरपिला गालसेका

बरबनकि मरा
बीर बेश

मडो नचनिया

हँका बजा पार

झिअ बिवाहॅ बंदना बसा

चउल टिका

घरबुला (बिरह)

बह बहरा

जुआ खेल

हलदि उतरा

मनोरंजन – मनोरंजन विभाग को दो भागों में देखा जाता है : क) कौलिक बृत्तिधारी गंधर्व या गंडा कलाकार द्वितिय मंच कला प्रायत : उच्च वर्गों के दवारा संयोजित, संपादित परिकल्पना सौदर्य बोधक धारा में। अत: पार आदि उल्लेख के समय दोनो तरफ के प्रचलित पार या बोल का अवतरण किया जा रहै।

पहले पारंपारिक लोकधारा के अतर्गत मनोरंजन विभाग का अवतरण किया गया।

डालखाइ प्रायत : चार प्रकार के प्रचलित होती
आ रही है।

क) पथेइ डालखाइ,

ख) डाहि डाल खाई

ग) कुठि डालखाइ

घ) मडो डालखाइ।

स्थान तथा परिवेश के अनुसार छंद बजते हैं। पथेइ डालखाइ : कौनसे स्थान तथा परिस्तिति में यह नृत्य संपादन होता है ?

कोशलांचल या ओडिशा के पश्चिमांचल में डालखाइ एक गण पर्व है। अश्विन महिने के शुकल पक्ष अष्टमि तिथी में अविवाहित लडकियाँ भाई के दीर्घजीवी होने की कामना करके देवी (षुलह कुठि) के पाश ब्रत रखते है। (नवमी उपासना उद्जापन के बाद उसी हाथ में जिउंतिआ, भाई सदा जीवित रहे कहकर खीरे या भिडी के ऊपर कुछ धागों से बने जिउँतिआ को गाँठ बाँधकर रखा जा ता है।) उस धागें से एक एक सहोदर भाई के हातथ में बाँधने के बाद जल ग्रहण करती है। उसके बाद गाँवों के दूसरे भाइयों के हात में बाँध्यकर भाइॅ स्वीकार करती है। इसी कारण अपनी आत्म रक्षा के लिए बहने अपने भाइयों से आशा रखते है। इस प्रकार के महान भाईचारे का पर्व तथा संहति अन्यत्र देखने को नहीं मिलता।

अष्टमि तिथि प्रात : से गाँव के छोटी -बडी सभी विवाहित लडकियाँ भी एकत्रित होकर गंडा बाजा के साथ जलाशय को स्नान करने के लिए जाती है।

जलदेव के पुजनोपरांत जलाशय से रेत निकालकर बालुका लिंग की स्थापना कर पुजा करती है और पुजा सामग्री प्रस्तुत करने के लिए पुर्ण कुंभ लेकर हुल हुली के साथ घर लोटती है। १०८ दुव और १०८ अक्षत चावल एक पते में लपेटकर सहोदर तथा गाँव के भाइयों के लिए करती है। सारे दुवों का गुच्छा बनाकार एक नए छोटे खोरे या भिडि के साथ एक पत्त लपेटकर शाम को देवस्थली को लेकर उपासना करती है। इस उपासना के मृख्य अंग है। नृत्य, गीत, एवं बाद्य। इस त्रिधारा के बिना उपासना के विफल माना जाता है। अत: तथा कुठि उपासना को ऐसे चार भागों में विभाजित करके गंडा बाजा के ताल के अनुसार नृत्य करती है।

क) पथप्तांत में युवक - यूवतियों के एकत्रित होने के स्थांन पर यह मनोरंजन उन्सव मनाया जाता है। यह

कार्य सुबह एवं शाम को होते है।

डाहि डालखाइ :

गाँव के बाहर किसी निर्जन स्थान पर केवल युवतियों के बीच आशु पदो के माध्य्म से एक दुसरे पर व्यंगा कसने की प्रतियोगिता होती है। वहा कोई पुरुष नहीं जा सकते। परंतु गंडा बाजा के कलाकार वहाँ उपस्थित रहकर बाजा बजाते है।

कुठि डालखाइ ;

देवी उपासना के पीठ पर पुजक के दवारा पुजा संपादन के वाद उपासना करने वांली युवतियों दवारा नृत्य गीत का प्रदर्शन होता है। यह उनके मुल इष्ट लास्थ निपुणा देवी पर्विती को संतुष्ट करने के उद्देश्य से किया जाता है।

मडो डालखाइ

यह विधि विवाहोल्सव में मडोडाहाली रोपण के बाद मडुआ (डाली से बनाई छावनी) वे नीचे नृत्य करती है। यहाँ नारी के उम्र की कोई पावंदि नहीं होती।

गिजा कझ् गिजा कझा जगि डाक गिडि नाक तागि जिडि
गिजा कटा गिजा किट्। जिगि डाक डिग ताक ता गिजिडि
ठेका गिजि गिजि झाडा गिजिडि खिताक
छिडेन/ त्याहि :
गिजा गिडि ताक गिडाक
गिजा गिडि ताकि गिडाक (गिजाक)

वि.द्र : विशोषत : इस डालखाइ नृत्य वादय, गीत के साथ एक आदिवासी, द्रविड और आर्य परंपरा का मिश्रण संभव हो पाया है। इस व्रत पालन के लिए सभी जातियँ एकत्रित होकर दुर्गा आदि नाम के अनुसार डालखाइ नामकरण किया गया। उपासना धर्मी 'डालखाइ' आदि परंपरा का एक संस्कारित रूप है।

डालखाइ देवी के विषय में एक लोक कथा सुनने को मिलती थी। पुरातन कालमें समुद्र मंथन के बाद देवता स्वर्ग में रहकर विलास व्यसन में डुवकर अपने कर्तव्य की अवहेलना कर रहे थे। देवों के देव महादेव ने सोचा कि इंन विलासी देवताओं को परामर्श देकर कोई लाभ नही।

देवता देखकर उदबुदध होंगें यह बात साचकर शिव जी यज्ञ कर्म करने के लिए यज्ञ सामग्री, ळकडी, कुश, मृग धर्म, मधु, वन फुल संग्रह के लिए मेरू पर्वत ओर गये। पुजा समग्री संग्रह करते करते कैलाशपति शिव पसीने से ओतपोत हो गये। जो सव शीतल परिवेश में निवास करते है सुमेरू पर्वत के उत्तप्त परिवेश का सदन कैसे करते देखते देखते सहसा देखा थोडी दुर में एक बांकि (जल कुंड) है। स्नान के लिए जाने से पहले संगृहित पुजा सामग्री लकडी, नव उप्तन्न दुव आदि को बांकि के धेरे पर रख कर स्नान के लिए जल में प्रवेश किया। ठीक उसी समय जने कहाँ से एक बछडा आ गया। एवं उस बाकि के घेरे में रखे नव उत्पन्न दूव को खाने लगा। जल के भीतर से महादेव ने उसे शेकने के लिए चाता वानियँ देने के बाद भी वह न रूका। शिवजी जल से बाहर आ गये, दुव खा रहे बछडे के माल में छीरे से स्पर्ष कर दिया

स्पर्ष करंदेने से ही बछडे का सिर छड से अलग होकर महादेव के हाथों में आ गया। शिवजी को भारी चिंता हूई। स्वरां मृत्यूजय को आज गो हत्या का दोस लग गया। जगत निंदा करेगी बडी बात नहीं पर कैलाश में विद्रोह की संभावना को ताला नहीं जा सकता। महादेव का वाहन वैल है और बछडा उनके तंशछर अत: शांति निश्चित था। उसके बाद शिवजी कैलाश नदीं गये। कई मुनी- ऋषियों से मिले। उनसे गो हत्या निवारण के उपाय प्राप्त करने की चेष्टा की। परंतु कोई भी गो हत्या के दोष निवारण का अचुक उपाय न बता सका श्रृष्टिकर्त्ता ब्रह्मा जी के पास भी गये। पर कोई लाभ न हुआ। निराश हो कर लौटते समय सोचा कि भगवान विष्णु की सहयता ली जा सकती है। वे श्रीर सागर पहुँच गये । ध्यान के बल पर विष्णु जी को शिवागमन का दृश्य दुश्यमान हो गया उनकी निद्रा भग्न हुई। शिवजी के पहुँचते ही उनका अभिवादन कर विष्णु जी ने उनके आगमन का कारण पुछा। एबं हाथ में बछडे के सिर जडा देखकर पुछा , यह आश्चर्य केसे ? शिवजी ने सारी घटना वर्णन करके सुनाया तो विष्णु जी खिलाखिलाकर हसने लगे, उन्होने कहा है महेश्वर आप ही इस धरा के स्वामी है। आज जिस सृष्टि के स्वमी है उस भुमि में कई एसे स्थान है जहाँ गोहत्या दोष मुक्ति संभव है। आप जान बुझकर मेरी परीक्षा तो नहीं ले रहे है फिरभी सामान्य उपचार यह है कि आप पाप नाशिनी गंगाजी में स्नान कर दोसमुक्त हो जाँए। केवल हसते रहे एवं हसते हुए कहने लगे कि दो दृष्टि पालनहार हरि इसी कारण मर्त्य के लोग आपको 'छलिआ' कहते है। वह चरित्र अप ऊपर है प्रभु। आप तो जानते है कि मेरे सिर पर गंगा है। दिनरात गंगाजल से स्नान कर शीत के प्रकोप से रक्षा पाने के लिए शरीर में इसका प्रलेपन भी करता हुँ अगर गंगाजल से पाप धूल जाते तो मै स्वर्ग पाताल क्यों घुरता रहता।

शिवजी की बात सुनकर विष्णुजी बोले प्रभु लगता है आप मेरी बात ठीक से नही समझ पाये। मैने पापनाशिनी गंगा की बात कही है, आपके सिर की गंगा की बात नहीं। शिवजी ने मौन के साथ प्रस्थान किया। उन्होंने सोचा कि मर्त्य में दुसरी गंगा कहीपर है एवं उनका नाम पापनाशिनी गंगा के नाम से प्रसिदध परंतु मुझे - उसका ज्ञान नहीं अनुसंधान कर पता लगाया कि पापनाशिनी गंगा का उद्गम पवित्र स्थान गंधगिरी या गंधमार्दन पर्वत माला है। शिवजी गंधगिरी का दर्शन कर विमुग्ध हो गये। मन ही मन विष्णु जी को धन्यवाद दिया। कहा यह गंधागिरी कैलास पर्वत से भी मनोरम है प्रकृतिक वन - पर्वत - झरने के साथ कई प्रकार के जीवन रक्षक औषधिय गुल्म - लता, फल फुल बहुत चमत्कार है। जल कुंड स्नान करते ही उनके हात से बछडे का सिर अलग होकर गिर गया। शिवजी को गोहत्या के दोष से मुक्ति मिली

(वि.द्र आज भी नृसिंहनाथ में एक छोटा सा कुंड है जिसका नाम 'गाई पघा' है। शिवजी को पापमुक्त कराने के कारण इसका नाम गई पघा नाम से प्रसिद्य है। आज भी लोगों में विश्वास है कि उस कुंड में स्नान करने से पाप से मुक्ति मिलती है। उस पानी में पापमुक्त जीवन की आशा में हजार की संख्या में लोग स्नान करते है।)

कई दिन व्यतीत होने के बाद शिवजी कैलास लौटे। माता पार्वती ने शिवजी से उनके इतने दिनों तक कैलास में अनुपस्थित रहने का कारण पुछा। शिवजी ने एक एक करके अमुलचुल सभी घटनाओं का वर्णन कर देवी को कह सुनाया। पार्वती जी यह सव सुनकर अश्य्चर्य होकर सोचने लगी कि संसार में शिवजी के आस्थान से भी अधिक सुंदर कोई और जगह है। उस जगह के दर्शन के लिए माता पार्वती भी गंधगिरी गयीं। जाकर देखते है कि शिवजी की अनुभूति संपुर्णरूप से सत्य है। कितना मनोहर स्थल है। समस्त्र अवतारी

भगवानों का आगमन इस गंधागरी में हुआ है। कितने झरने, पर्वत्र माला के प्रत्येक पर्वत के नामों पर ध्यान देने से कैलास पर्वतमालाजिस प्रकार शेष नाग की स्थिति को प्रमाणित करता उसी प्रकार गंधगिरी भी से .....तक शेषनाग की स्थिति प्रमाणित करते है कई झरने कई ..... के साथ किसी पुराण युग से आधुनिक युग तक कई इतिहास साक्षी यह गंधगिरी। इस प्रकार प्रसस्ति गान कर माता पर्वती गंधगिरी के सुशोभित परिवेश में आनंद उपभोग कर रहे थे।

तो माता चिर किशोरी। नवयोवना एक किशोरी को ऐसे एक ध्याने जंगल में पर्ततमाला में भ्रमण करते हुए देखकर गंधगिरी में राज करने वाला त्रिपाल नाम का एक दुराक्षा अशुर राजा किशोरी के सम्मुख खडा हो गया। रूप बर्ण नव योवना माता किशोरी को देखकर असुर के मन मे भ्रम उत्पन्न हूआ। एवं रति निवेदन कर विवाह करने के लिए माता पावर्ति को उसने वाध्य किया। परंतु माता ने स्थिर, शांत रूप से त्रिपालासुर की अपचिंता को देखकर कहा, थोडा सोचिए मै कोई युवती नहीं हुँ। मैं तुम्हारी मॉ हुँ। पार्वती जी की बात सुनकर असुर हसने लगा। कहा मेरी एवं तुम्हारी आयु का अंतर देखो, तुम कैसे मेरी माँ हों सकती हो ? इस ..... बात को छोडो सहमत हो जाओ। मैं जात में असुर हुँ। असुर में दया होती तो मेरा परिचय असुर क्यों होता ? उसने बलात्कार का उद्यम क्या। इसके उद्यम करते ही माता पार्वती के प्रखर निश्वास से गंधगिरी पर्वतमाला के हूम भी डगमगाने लगे। निश्वास शब्द पर्वतमाला में गुजने लगा। शक्तिमयी असुर से बोलीं, अरे पापी तुझे यौन लालसा है न तो संभाल कहकर एक बृक्ष के नीचे बैठ गयीं और योनी विस्तार किया महायौनी से चौसठ योगिनियों का जन्म हूआ।सभी योगिनी रूप वती, सुंदर यूवती। एक साथ उन्होंने सहवास के लिए त्रिपालासुर पर आक्रमण किया। प्राणों की भिक्षा माँगते हुए बडी विकलता के साथ वह देवी का सरणापन्न हुआ। माँ किशोरी ने त्रिपालासुर को उसके पुर्व जन्म की बात याद दिला दी। एकबार त्रिपालासुर माता पार्वती का द्वारपाल हूआ करता था। वह हर समय यह सोचता था कि शिवजी की तरह सुंदर, बलवान पुरूष, पत्नी माँ पार्वती सदा यौवना दोकर भी संसार के सुख को त्याग कंर सदा योग क्रिया में लिप्त। एक महायोगी महेश्वर तो दुसरी महायोगिनी चंडि। क्या लाभ है। संस्ार में भोग करने के लिए आये है। योग करते करते मृत्यु हो जाने से एसा एक दुर्लभ मानव जन्म मिलना असंभव लगता ह। माता को योग बल से द्वारपाल की दूश्चिंता का ज्ञान हो गया। उन्होंने शाप दिया कि मर्त्यलोक मे असुर जन्म ले। इस पुर्व जन्म गाथा सुनकर उसने माँ के आश्रय की भिक्षा की। उसे के बाद्य का रूप दे दिया। लोक कथा में है कि बाद्य के पृष्ठ भाग में काम सिहरण उत्पन्न होने के कारण माँ ने उसे अपना वाहन बनाकर उसके पीठ पर बैठ गीं। असुर ने रति सिहरण उपभोग करते ही माता का वाहन होने पर खुद को धन्य माना।

उपसंहार :

लोक कथा में विश्वास - अविश्वास तर्क के बीच जितने सिध्दान्तो को ग्रहण करने चाहिए वह पाठक पर निर्भर करता है। किंतु यह सर्पुर्ण सत्य है कि एक कहानी को आधार बनाकर एक उपासना परंपरा एक गणपर्व में रुपांतरित हुई है। विश्वास पर आस्था रखकर आज के अत्याधुनिक युग में भी सारे कोशलांचल या ओडिशा के पश्चिमांचल के सहरो तथा गाँवों के बालक से बुढे- बुढियों तक यह पर्व पालन करते है। यह परंपरा गाँवों गाँवों मे विश्व भ्रातृत्व की वार्ता देती है, संहती की रक्षा करती है। मानवीय धर्म पालन के साथ एक नारी की मर्यादा रक्षा के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराता है। कैसे और क्यों पालन होता है ?

आदिवासी बहुल आदि परंपरा संस्कृति में विश्वास है कि इश्वर पर्वती ही इस दृष्टि की स्थिति तथा प्रलयकर्त्ता विधाता हैं। इसी कारण देवता मानकर भय करते हूए अपने परिवार के चेष्टा इष्ट समझकर शिवजी को बुढा और पार्वती जी की बुढी के शब्द से श्रध्दा से भक्ति से कहते है। अत: जिस भुमि ने शिवजी के गोहत्या पापा मुक्ति से त्रिपालासुर उदधार की महान पौराणिक गाधा को वहन किया है गया की उसी पधा और उसी वृक्ष की डाली पर शिव पार्वती के निवास प्रथा स्थिति के विश्वास को आधार मानकर आदि परंपरा में जल, बालुका पुजन के साथ दुब से जुगार तक अर्पण किया है। माँ की मर्यादा रक्षा के लिए अपनी मर्यादा रखने के लिए माँ की आराधना, उसी डाली की पुजा कर दुसरी युवा मंडली को अपने सहोदर तुल्य भाई बनाकर एक सुत्र में अपनी मर्यादा की रक्षा के निमित्त अपनी प्रछा में बाँधकर रखा है। नृत्य, गीत, बाद्य उपासना से शिवोपरिवार संतुष्ट होते है। आदिवासियों का विश्वास है कि शिवोपरिवार ही श्रेष्ट परिवार। अत: हर बात या अस्तव पुजा आदि में नृत्य, बाद्य, गीत होते है।

संगीत भी आदि परंपरा का हुदय है। उसके बिना पिंड ब्रहमाण्ड की स्थिति कभी आदिवासियों से आरंभ करके आदि पुरूष तक विश्वास न करते। वरं व्यवस्थित रूप से इस पवित्र उपासना को परिचालना करने के लिए निर्धारित लोकधारा में बाध दिया है। अत: कर्मकांड के गुरूगंभीर मंत्र को अक्षय न बनाकर पंचवाद्य गंडाबाजा के ऊपर निर्भर कर उपासना से उपस्थापना तक पुर्ण रूप से पालन करते आ रहे है।

अत: पंचध्वनि के तालानुसार नृत्य गीत में डबकर मनोकामना की पुर्ति के लिए समर्पित करते है। नाम पर ध्यान देने से अनेक गुढ तथ्य हुश्यमान हुए है। लोकधारा में विश्वास डाल -पार्वती के प्रतीक एवं 'खाइ' शकित स्थिति की ध्वनि- प्रतिध्वनि का खजाना है। जे कि गंधगिरी में एक दुर्गइ खोल या गुंफा है एक वर्वत है। दुर्ग रक्षयित्री को दुरगा (दुर्गा) कहते है। दशाभुजा सिंह बाहिनी रूप को एक काल्पिक रूप माना जाता है आदिवासी परंपरा में। उस दुर्गइ खोल में सामंत शासन से पहले अदिकासियो का निवास तथा अस्त्र भंडार या एवं उसके सामने स्थित वृक्ष के नीचे माता के अंग से चौषठ योगिनियों का जन्म हूआ था अत: 'डालखाइ' को एक पवित्र शब्द, महामंत्र तुल्य मानकर बहुत प्राचीन काल से डालखाई पर्व पालित होता आ रहा है।

इस 'डालखाइ' उपासना का मुल उस्स आज भी डालखाइ नृत्य ही है। दवी का नाम डालखाइ नृत्य को नाम डालखाइ, डाल के नीचे योगिनियों का जन्म। इस प्रकार कई पुरातन इतिहास के साथ जुडकर यह डालखाइ गणपर्व विश्व प्रसिद्ध हो गया है। संगीत और मानवीय धर्म में आदि परंपरा को मान्यता देकर समस्त कार्व्यो में व्यवहार कर रहा है।

पुन : उस पार व्यवस्था पर ध्यान देते है :

पथेइ डालखाइ पार का संक्षिप्त मुहुडा या मुखडा बजाया जाता है।

पथेइ डालखाइ पार - जाति तित्र

जागि घिडि। नाक जागि घिडा। जाडि मिजा गिजडी मिजा जिडी।

धारा / ठेका चतुरत्र

गिजिगिडि जाडा गिजडी

गिडी झाँ झँ गिजंडी
गिजाक ऽऽगिडी ताक गिजाक (मिजाक)
कुठि डालखाइ पार का एक स्वतंत्र वैशिष्ट है। यह पर्याय देवी पीठ के सम्मुख परिवेषण होने के कारण गीत प्रधान होता है। गीत के चार छः पद, आठ पद कुछ स्थानों पर अनेक पदों के साथ .....
के कारण इस विभाग मे स्तुति, शोभा वंदन, डाल उपासना कहानी आदि होते है। अतः गंडाबजा कलाकार पहले गीत के छंद रस के साथ गायक के साथ संगीत करता है तव नृत्यागनाएँ एक ताल में नृत्य करती है। जव गीत समापन होकर नृत्य आरंभ होता है उस समय संपुर्ण रूप से वादक मंडली के ऊपर निर्भर करती है। बाद्यकार पुन : उस तिस्र और चतुस्र के भीतर डालखाइ के छंदो को ऊपर नीचे कर नृत्य को प्रस्साहित करते है। इसके अलावा दुसरे विभागों में लिपि सहित पार मिक्ष, खंड और संकीर्णता का दर्पन मिलता है।

स्सरकेलि:

रसरकेलि भी लोकधारा और मंचधारा को लेकर दो भागो में विभक्त हूए हैं। नामकरण से अनुमान लगाया जाता है कि यह स्वर प्रायत छति पाटक और आर्यो के आदिबासी संस्कृति में एकाकार होने के बाद का संस्कारित विभाग प्रदत्त: गीत प्रधान है। लोकधारा सभी गीतों में राधाकृष्ण, राम सीता धार्मिक चरित्र, गुण, प्रकृति शोभा कृषि गीत आदि प्रयत: शिष्ट ओडिआ भाषा में रचित है। शृगांर रस का अल्प व्यवहार होता है लेकिन मंचधारा में केवल मात्र श्रृगार रस का गीत प्रयुक्त होताहै। नृत्य में पद भंगी कल्पि होने के कारण कठिन लगता है। बाद्य भी लोकधार में सरल रूप में है। परंतु साधारण नृत्य लीए सयोग श्रृष्टि के दीर्घ तथा जटिल होते है। यहाँ लोकधारा और मंचधार दोनो की लिपियाँ दी गयी है।

लोकधारा के अंतर्गत जितने सारे पार है उसे अल्प समय एवं विस्तृत इतिहास बहन करनेवाले कोशलांचल के इस गंडा बाजा के परीक्षण या गबेषणा का अंत कहना सही नहीं होगा। केवल सुचित किया जा सकता है कि निजस्व शास्त्रीय गुणों के बिना कोई भी लोकधारा लोकमान्य या सर्व साधारण की परंपरा नहीं हो सकती अत: समय तथा अर्थ का खयाल रखकर कई तथ्यों का संग्रह हूआ है। उन सब में कितने शास्त्रीय गुण है साधारण रूप से उसकी तुलना की जा रही है। यद्यपि इस विषय में पहले से आलोचना हुई है। फिरभी मेरे विचार से कुछ विषयों पर अलोचना की आवश्यकता है।

लोकधार पुर्णतया सरल तथा भावमय होती है। जहाँ कृत्रिमता का कोई स्थान नहीं होता। प्रकृति के अनुभव से कलाकार को जितना मिला है उतने को अपनी पुँजी मानकर स्वयं आनंदित होता है। उसके आनंद से संस्ार स्वत : आनंद विभोर हो जाता है।

इस प्रकार मानव जीवन की अंतध्यान को चेतनशील करने के साथ पंचभुतो से उत्पन्न पंचवाद्य गंडाबाजा ने भविष्य में अपने संरक्षण के लिए लिपिरहित रुप में लिपिशास्त्र के साथ समता रखकर अपनी धारा को निश्चित किया है। इसी के बल से यह गंडाबाजा आज जीवित है। लोक कल्याण की दिशा में महत्वपुर्ण दायित्व का निर्वाह किया है। परंतु आज इस लोकधारा के स्थान पर मंच कला या परिवेशण कला का अधिक प्रचलन दिखाई देता है। इस प्रचीन लोकधारा के कुछ पारों के ज्ञान तथा आधुनिकता के प्रभाव के

विश्रण से मंच कला आगे वढ रही है। एवं मुल प्राचीन गंडा बाजा अपने अस्तित्व को बचाने के लिए अंतिम साँसों के साथ अधुनीकता से जुझ रही है। वर्तमान का समय गंडाबाजा के लिए दु:खद समय है। गंडाबाजा कलाकार जिन चारों विभागों में कौशल प्रदर्शन कर अपने ज्ञान की पराकाष्ठा से अपने अंचल को गवार्न्वित करते थे, आज उनके बाद्ययंत्र है पर पार नहीं। एवं गंडा बाजा की इस अवस्था के निम्नलिखित में से कुछ कारण हो सकेते हैं ।

१) यह कला एक निर्धिष्ट गंडा जाति की कौलिक कला है। इसी कारण इसे जनसाधारण में नये रुप में लाने के लिए कुछ सरल समाज के लोगो ने इसे एक नुतन सुत्र के साथ मंच कला या परिवेशण कला का नाम दिया है ।

२) विश्वविद्यालयों में परिवेशण कला विभाग खोले गये है। वहाँ जो शिक्षा दी जा रही है केवल मंच कला के विषय में। इसी कारण प्राचीन काल से प्रचलित कोशलांचल के गंडाबाजा परंपरा को प्रोस्साहन नहीं मिल पा रहा है।

३) आज के संयोजक, निर्देशक तथा गुरू मनोरंजन पर ध्यान देते है। कम समय में मनोरंजन पर ध्यान देते है। कम समय में अधिक उपार्जन तथा प्रसिद्धि की आशा रखने वाले है। उनके पास गंडा बाजा के हजार हजार पारों या तालों के संरक्षण के लिए समय नही है।

४) राजनैतिक के द्वारा न केवल एक निर्दिष्ट परंपरा और दलित जाति का विनास हो रहा है साथ ही भाविष्य के लिए तिक्ष चतुरस्र छंद को छोड दुसरे छंदो को गँवाया जा रहा है।

५) प्रायत : कोशलांचल के बेतार केंन्द, दुरदर्शन केंद्र आदि सरकारी संस्थाओं के दवारा ऐसे महत्वपुर्ण विषय को नजरअंदाज किए जाने जैसा लगता है।

पहले से लोकधारा के कुछ बोल अवतरण हुए है। वर्तमान कुछ परिवेशण कला के स्वीकृति प्राप्त छात्रों के लिखित बोल के तथ्य अवतरण करता हुँ । जिसमें कि केवल मात्र ताल या पार परिचालना के लिए निम्नलिखित नियम निधारित है- जैसे

क) उठेन या चढेन

ख) ठेका

ग) चालि और

घ) छिडेन।

इसमें मंचकला, डालखाइ, हिंदुस्थानी त्रिषूप या दादरा ताल के साथ तुलना कर निम्ननुसार बोल संयोजित किया गया है।

मंचधारा का परिवेशण काला अतंगत

डालखाइ :

उठेन् :

ताक् ताक् ताक् ताक् झाहँ गिनि

ताक् ताक् झाहाँ गिनि (ताक् ताक्)।

ठेका :

१. गिडिझाँ गिडिझाँ गिझा गिडिझाँ गिडि झो
तिकिताक् तिकिताक् तिताक् तिकिताक तिकिताग्।

२. गिडिजि गिजाझाँ गिझिजाहाँ गिनिझाँ
गिडिजि गिजाझा गिजिजाहाँ गिनिझाँ।

चालि :

गिडिजाहाँ गिडिजा गिझाँ
गिडिझा गिडि गिझाँ ताक्।
(चालि को नृत्यमे २,४ या ६ पार लीयाजाता है।)
गिड् झाँ झाँ गिड् ता ता।
गिड् झाँ झाँ गिड् ता ता।
(नृत्यमे दो प्रकार चालि लीया जाए या कीसी भी एक को भी लीया जासकता है।)

छिडेन् :

गिझँ ताकडि ताकडि ताकडि गिझाँ
गिझाँ ताकढि ताकढि गिझँ
गिझाँ ताकढि ताकढि गिझिाँ। गिझाँ

दीतीय प्रकारर डालखाइ 'पार्'

उठेन् :

झाँ गिनिगिनि झाँ गिनिगिन झाँ गिनिगिन झाँ झाँ
तार खिटि खिटि तार खिटि खिटि तार खिटि खिटि ताग् ताग्।

ठोका :

गिडिजि गिजा झाँ गिड्जाहँ गिन् झाँ
गिडिजि गिजा झाँ गिन् झाँ गिन् झाँ।

चालि :

गिडिजाहाँ गिडिझा गिझाँ
गिडिझा गिडि गिझाँ ता।
गिडि झाँ झाँ गिडि ता ता
गिडि झाँ झाँ गिडि ता ता।

रसरकेलि - मात्रा- ६ (दाद्रा)

उठेन :

गिझाँ गिझाँ गिझाँ ताक्

तिताक् तिताक् तिताक् ताक् (२) तालि

(केतेक स्थलमे तालिकु आग लिआजाता है)

छिडेन् : गिँझाग् गिनिझाँग् गिँझा

चालि बा ठेका :

गिडिझाँ गिडिझाँ गिडि झा झा - ताकिटि किटा (२)

गिँ - ड् गिँ झा गिँ झा झा ....

छिडेन् :

गिझाँ ताकिडि ताकिडि गिझाँ

गिझाँ ताकिडि ताकिडि गिझाँ

गिझाँ ताकिडि ताकिडि गिझाँ । गिझाँ

द्वितीय प्रकार :

गिझाँ झो गिझाँ झो

गिँझाग् गिनिझाग् गिँझा

गिँडिझा गिँडिझा गिँडिझा झा - ताकिटि किटा (२)

चालि :

जिनि गिँझा गिजि गिनि गिनिझा

जिनि गिँझा गिजि गिनिझा

छिडेन् :

गिझाँ ताकिडि ताकिडि गिझाँ

गिझाँ ताकिडि ताकिडि गिझा

गिझाँ ताकिडि ताकिडि गिझाँ । गिझाँ

माएलाजड पार् : मात्र - ६ (दारदा)

उडेन् : गिडिजि झाँ गिडिजि झाँ

गिडिजि ति ता गिडिजि तिततिता

गिडिजि गिझाँ गिडिज गिझाँ गिडिज गिझँ

तितिति ता .....(२)

ठेका :

गिडिजि झाँ गिडि गिडिजि गिझँ
तिकतता ताखिटि ताक्ता खिटा

चालि : गिडिजि गिझाँ गिड्ता तिता .....

छिडेन : गिझाँ ताकिडि ताकिडि गिझाँ
गिझाँ ताकिडि ताकिडि गिझँ
गिझँ ताकिडि ताकिडि गिझाँ । गिझाँ

बजनिआँ - मात्रा- ६ (दाद्रा) पार्

उठेन : गिजिजि झाँ गिडिजिझँ
गिडिझाग् घिनि तखिटि खिटा
गिडिझाँ गिडिझाँ गिडि जाहाँ जाहाँ ।

ठेका :
तिकि तिकि तिकि ताक् तिकि तिकि तिक तिक्
तिकि तिकिता तिता
गिझँ गिनि गिडि जाहाँ गिनि गिडिजाहँ
गिनि गिडि जि गिझँ (२)

तिकि तिकि तिकि ताक् तिकि तिकि तिकि ताक्
तिकि तिकिता तिता

चालि :
ता खिटि गिझाँ गिन् गिनिझाँ
गिडिजि गिझाँ गिनि गिनिझाँ

छिडेन:
गिझाँ ताकिडि ताकिडि गिझाँ
गिझँ ताकिडि ताकिडि गिझाँ
गिझाँ ताकिडि ताकिडि गिझाँ । गिझाँ

नँचनिआँ - मात्र - ८ (कहरबा)

उठेन् :
घिडि घिडि घिडि घिडि घिडि घिडि झो
तिकि तिकि तिति तिति तिति तिति ता
गिझँ ताक् ताखिटि ताक् गिझाँ गिझाँ

ठेका :

गिड्जि गिणिजि झाँ
गिड्जि गिणिजि झाँ
गिड्जि गिणिजि झाँ । तितितिति ता ।

चालि :

गिड गिझा गिड गि गिड गिता
गिड गिझा गिड गि गिड गिता ।

छिडेन् :

गिझाँ ताक् ताखिटि ताक् गिझँ गिझाँ
गिझाँ ताक् ताखिटि ताक् गिझाँ गिझाँ
गिझाँ ताक् ताखिटि ताक् गिझाँ गिझाँ

नचनिऑठ - पार (द्वीतीय श्यौली)

उठेन :

घिडि घिडि घिडि घिडि घिडि झो
तिति तिकि तिकि तिकि तिकि ता
घिडि घिडि घिडि घिडि घिडि झो
तिकि तिकि तिकि तिकि तिकि ता
गिझाँ ताक् ताखिटि ताक् गिझाँ गिझाँ ।

ठेका :

गिड्जि गिणिजि झाँ
गितड्जि गिणिजि झाँ ।
गिड्जि गिणिजि झाँ । तिकितिकि ता

चालि :

गिँड गिझा गिड गि गिड गिझा
गिँड गिझा गिड गि गिड गिझा ।

छिडेन् :

गिझाँ ताक् ताखिटि ताक् गिझँ गिझाँ
गिझाँ ताक् ताखिटि ताक् गिझँ गिझाँ
गिझाँ ताक् ताखिटि ताक् गिझँ गिझाँ

सजनी : मात्र - ६ (दादरा)

सम्बलपुरी संगीतर पांरमंपरिक रीति अनुसारे सजनी एक बाद्य रहित गीत । एहि गीत गुडिकरे

गीतों में साधारणतः अन्तरीण स्वर इ ताल होता है। इसमे वाद्य प्रयोग

भारतीय परंपरा में वेद पुराण से आरंभ कर अत्याधुनिक साहित्य संस्कृति आदि में भेद का कोई स्थान नहीं। सार्वभैमिक विचारधारा ही भारतीय संस्कृति का मेरु दंड है। मर्यादा पुरुषोत्तम के साथी एक वनवासी गुहक थे। द्वापर की कथा, अनेक कहानी, गोपि-गोपालों से लेकर द्वाकाधीशतक यहँ तक कि महाभारत जैसे महाकाव्य में भी संस्कृकि को अग्राधिकार देने में अवहेला नही कीं गयी। वेद के रचयिता सुत्र मुनी, शुकदेव की जन्म कथा सुवित करता है कि प्रकृति से लोकधारा, शिष्ट धारा अपने अपने स्थान पर पुरी तरह प्रतिष्ठित है। पंचम वेद भी लोकधाराओं शिष्ट धाराको प्रोत्साहन मिला है। इतिहास में भारत में दोनो लोकधारा ओं तथ विधार्थ या शिष्ट धारा को प्रोत्साहन मिला है, वे आज भी अपनी अपनी स्थिति को साबि

१. बलांगिर, २. कलाहांडि, ३.नुआँपड़ा, ४.बरगड़, ४.देवगड, ३.झारसुगुड़ा, ७.सुंदरगड़, ८.बौद्ध व बउद, ९. सुवर्णपुर, १०. संबलपुर के साथ आठमल्लिक और फुलवाणी अंचल को भी लिया जा सकता है।

ये जिलाएँ वन, पर्वत, झरने तथा आदिवासी बहुल जनवार्ती के साथ एक निर्धिष्ट आदि परंपरा धारानु गामी है। इस जिला के पुर पल्लि में सब जगह गंडा बाजा का व्यवहार रहते करते हैं। इतने बड़े भुखंड में आदिवासी, दलीत, पतीतों से आर्य एकाकार होकर ओडिशा की आधी जनसंख्या एक शुत्र में बंधकर आपनी चर्या के भीतर सभी कर्मों में इस गंडा बाजा कों ग्रहण किया है। खुशी के साथ गंडा बाजा को अपने जातीय वाद्य के रूप में सम्मान देते आ रहे हैं। पंचभूत या पंच् पंचवाद्य को श्रद्धा से पूजते आ रहे है। आज तक लोगों में लोकधारा के जीवित रह पाने का कारण मनुष्य से जड जगत तक की स्थिति साव्यस्त करनेवाला कंपन और उसका प्रभाव हैं। साथ ही नवरस देकर वाद्य छंद का निर्माण, पाँच वाद्य यंत्रों के पाँच भिन्न - भिन्न ध्वनियों को एक नाद में रुपांतरित करना सर्वेपरि वर्ग साधारण में विनियोग। सभी कार्यो में इस गंधर्व वाद्य या गंडाबाजा व्यवहार योग्य एवं प्रभावशाली है।

कौनसे भाग का अभाव रहता है ?

१. लिपि, २.मात्रा विभाग आजका पुस्तक प्रचलन, ३. आत्म प्रचार, ४. सरकारी तथा गैर सरकारी

प्रोत्साहन, ५. विभिन्न कालेँज या नीजी शिक्षानुष्ठान द्वारा इच्छानुसार चिठा प्रस्तुत तथा शिक्षादान, ६. डी. जे. के प्रभाव से गंडाबाजा के प्रति अनादर की बृद्धि के अनेक उदाहरण है।

इसके कारण गंडाबाजा और पार की स्वतंत्रता है :

मानव सभ्यता के क्रम विकाश में वह मुख्य भागिदार है। मन चेतन की सुपरिचालना के लिए अनाहत आहत दोनों दिशाओं मे दक्षता। ज्ञात अज्ञात में शब्द ध्वनि के अल्पत्व बहूलत्व विनियोग तथा समय या लय को बाँध रखने की दक्षता। और कइँ दिशाएँ है, जो एक धुरीण मंडली के माध्यम से संस्कार पानें योग्य है। किसी भी लोकधारा में निहित विशिष्ट दिशाका निरिक्षण करते समय सर्वनिम्न शास्त्रीय नियम के साथ तुलना करना अत्यावश्यक है।

लोक मार्ग : क्रीयांगनी ग्रहोजाति कला लय।

यति प्रस्तारक चेति ताल प्राण दश स्मृत : ॥

अर्थ

काल मार्ग, क्रिया, अंग, ग्रह, जाति, कला, लय, यति, एवं प्रस्तार इन दश तालों का प्राण है।

तद्रूप जाति :

ख) चतुस्त्र, तिस्त्र, मिश्र, खंड और संकीर्ण

चतुस्त्र: ४ मात्रा। तिश्र: ३ मात्रा। मिश्र : ४ मात्रा, खंड : ७ मात्रा, संकीर्ण : ९ मात्रा

ग) लय विलंवित, मध्य दत

घ) ध्वनि के अल्पत्व, बहूलत्व के अनुसार लघु कुरू निर्णय तथा विभागी करण।

ड) ग्रह : धारण के लिए ४ विधियाँ सम, विसम, आगत, अनागत आदि।

तत्वपूर्ण शास्त्र निर्देशानुसार लोकधारा के प्रत्यक्ष क्रियात्मम विभाग की तर्जमा या गवेषणा करने से भारतीय शास्त्रीय परंपरा का और एक नूतन रूप कोशलांचल की लोकधारा में विद्यमान है।

क्रमश : इस चौथे रिपोर्ट की अपस्थापना के पश्चात यह विस्कृत रूप से इसे संबंधित पुस्तक में स्थानित करने के लिए हम प्रतिशृति बद्य है।